हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 27 सितंबर 2024

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 22.2 डिग्री

13 विद्यार्थी अपने लक्ष्य प्राप्ति के लिये अनुशासित जीवन अपनाएं: डॉ. अजय



13 कार्यकर्ताओं को अभियान में जुड़कर काम करने अपील की





**खबर संक्षेप**

### हत्या का विरोध, निषाद समाज ने किया प्रदर्शन



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ निषाद केवट समाज के अव्हान पर दुर्ग जिला संगठन सहित प्रदेश के समस्त जिला अध्यक्ष समाज के पदाधिकारी ने एक दिवसीय धरना दिया। कसडोल में एक ही परिवार के चार लोगों की हत्या के विरोध में निषाज समाज द्वारा धरना दिया गया। समाज के लोगों ने बताया कि मरने वालों में एक 11 माह के दूध मूही बच्ची भी थी। ग्राम छरछेद हत्याकांड में निषाद समाज ने आक्रोश व्यक्त किया है। दुर्ग का प्रतिनिधि मंडल भी कसडोल के बाजार चौक में आयोजित धरने में शामिल हुआ। इस दौरान मृतक परिवार को 50 लाख मुआवजा सहित तीन परिवार को शासकीय नौकरी देने की मांग की गई। इस अवसर पर निषाद समाज के प्रदेशाध्यक्ष एवं गुंडरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद, डॉ. घनश्याम निषाद, विरेन्द्र निषाद, अशोक निषाद, मलेश निषाद, राम सूख निषाद, विष्णु निषाद, वरुण निषाद, खुमान निषाद, लोकेश निषाद, सान्तानू निषाद, लक्ष्मण निषाद सहित अन्य मौजूद थे।

### सब्जी मार्केट सुपेला में जुआ खेलते 4 धरे गए

**भिलाई।** सुपेला थाना अंतर्गत लक्ष्मी नगर सब्जी मार्केट सुपेला में जुआ खेलते 4 लोगों को पुलिस ने पकड़ा। आरोपियों के पास से 2900 रुपए और ताश की 52 पत्ती जब्त की गई। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से खबर मिली की घटना स्थल पर कुछ लोग घेरा बनाकर जुआ खेल रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और आरोपियों को पकड़ा। आरोपियों में किशन पिता बोधनलाल सिन्हा गौतम नगर सुपेला, रफीक पिता शेख मन्नू कृष्णा नगर, जुनेद अहमद पिता अजीमुद्दीन सिद्धीकी कृष्णा नगर, देवा पिता केवल तांडी कृष्णा नगर शामिल हैं। आरोपियों के विरुद्ध नई धाराओं के तहत कार्रवाई की गई।

### 860 पीएम आवास का 3 को होगा आबंटन

**भिलाई।** भिलाई निगम क्षेत्र के 860 प्रधानमंत्री आवास हितग्राहियों को आबंटन करने की तैयारी कर ली गई है। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी एएचपी) किफायती आवास मोर मकान-मोर आस घटक के मकानों का निर्माण किया जा रहा है। नगर निगम भिलाई क्षेत्र के आवास हीन हितग्राहियों को आवास योजना के मकानो का आबंटन किया जा रहा है। जिससे नागरिकों को रहने के लिए स्वयं का घर मिल सके। नगर निगम भिलाई द्वारा भिलाई शहर के अलग-अलग जगहों पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकानों का निर्माण किया गया है। जिसका आबंटन हितग्राहियों को मकान का निर्माण पूर्ण होने पर किया जाता है। शासन के दिशा निर्देश अनुसार हितग्राहियों से निर्धारित फार्म का वितरण एवं जमा लिया जाता है। साथ ही हितग्राहियों से संबंधित क्षेत्र के मकान के लिए 10 प्रतिशत अंशदान की राशि जमा कराई जाती है।

**मौसम :** दो दिन की बारिश से राहत, जल्द होगी मानसून की विदाई

# जिले के मानसूनी कोटे से अभी भी 254 मिलीमीटर बारिश कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग जिले में दो दिनों की राहतभरी बारिश हुई है। बुधवार की रात झमाझम बारिश हुई। गुरुवार को दोपहर बाद झड़ी लग गई जो शाम-रात तक होती रही। दो दिनों में ही 84 मिलीमीटर औसत बाारिश दर्ज की गई है। पिछले साल की अपेक्षा इस बार बारिश 25 मिलीमीटर ही कम है। लेकिन सीजन की मानसूनी कोटे को देखें तो 254 मिलीमीटर औसत बारिश की कमी अब भी बनी हुई है।




#### सीजन का कोटा है 984 मिमी औसत बारिश का

मौसम विभाग के मुताबिक दुर्ग जिले में इस मानसून सीजन 1 जून से 30 सितंबर तक रहता है। इस पूरे सीजन में निर्धारित कोटा 984 मिलीमीटर औसत बारिश का है। इस बार मानसून 15 जून को पहुंचा है। इसलिए मानसून की विदाई भी 15 अक्टूबर तक जाएगी। 26 सितंबर तक जिले में 730 मिलीमीटर औसत बारिश दर्ज की गई है। इस हिसाब से अब भी 254 मिलीमीटर औसत बारिश की जरूरत है।

#### जलाशयों में जलभराव लगातार हो रहा है कम

जलाशयों से खेतों में पानी देने की वजह से जलभराव लगातार कम होता जा रहा है। बालोद तादुंला जलाशय से भिलाई इस्पात संयंत्र के लिए पानी आरक्षित करना पड़ता है। इसी जलाशय से ही दुर्ग जिला और बेमेतरा जिला तक सिंचाई के लिए पानी दे रहे हैं। जिसकी वजह से तांदुला जलाशय का जलभराव 25 सितंबर को 86.1 प्रतिशत था वह 26 सितंबर को घटकर 85.14 प्रतिशत रह गया। इसी तरह खपरी जलाशय में एक दिन पहले यानी 25 सितंबर को जलभराव 77.14 प्रतिशत था। यह घटकर 26 सितंबर को 76.71 प्रतिशत पर आ गया।

#### 26 दिन से लगातार छोड़ रहे पानी

तांदुला जलाशय से इस मानसूनी सीजन में दोबारा पानी सिंचाई के लिए छोड़ा गया है। जलसंसाधन विभाग के मुताबिक पहले 24 अगस्त से 30 अगस्त तक पानी छोड़ा गया। उसके बाद जमकर बारिश हुई। मोंगरा बैराज, सूखा नाला से इस बार सबसे ज्यादा दो लाख क्यूसेक पानी शिवनाथ नदी में आया। तब तांदुला जलाशय से पानी देना बंद हुआ। उसके बाद फिर बारिश नहीं हुई। धान फसल को पकाने के लिए 2 सितंबर से जलाशय से पानी दिया जा रहा है जो अब तक जारी हे। इस तरह पिछले 26 दिनों से जलाशयों से पानी खेतों में भेजा जा रहा है।

#### एक दिन पहले झमाझम दूसरे दिन लगी झड़ी

मानसून अंतिम दौर पर है। एक दिन पहले यानी बुधवार को ट्विनसिटी में देर रात तक झमाझम बारिश हुई। शाम से ही बारिश शुरू हुई थी जो निरंतर चलती रही। दूसरे दिन गुरुवार को आसमान पर बादल छाए रहे। दोपहर के बाद इन बादलों ने बारिश का रूप ले लिया। उसके बाद झड़ी की स्थिति बन गई। रात तक झड़ी लगी रही। इससे मौसम फिर से ठंडा हो गया है। लोगों को उमसभरी गर्मी से राहत पहुंची है।

#### ये सिस्टम है सक्रिय

मौसम विज्ञानी डॉ. एचपी चंद्रा बताते हैं कि इन दिनों एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर मध्य महाराष्ट्र और उसके आसपास स्थित है तथा यह 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका उत्तर मध्य महाराष्ट्र से छग होते हुए गंगेटिक पश्चिम बंगाल तक, 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। 27 सितंबर को कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

अब तक मिल चुके 140 मरीज

# डेंगू के आठ नए मरीज मिले, आधे दीगर जिले के



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जिले में डेंगू के मरीज बढ़ते ही जा रहे हैं। गुरुवार को डेंगू के 8 नए मरीज मिले हैं। राहत की बात यह है कि इनमें से आधे यानी 4 मरीज ही दुर्ग जिले के हैं। शेष 4 मरीज दीगर जिलों से यहां इलाज के लिए आए हैं। इन सभी मरीजों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अब तक 140 डेंगू मरीज मिल चुके है।

#### इन क्षेत्रों में मिले डेंगू के मरीज

डेंगू के मरीज सेक्टर 4 और सेक्टर 6 एरिया में मिले हैं। इन दोनों सेक्टरों में एक-एक मरीज डेंगू के सामने आए हैं। दुर्ग क्षेत्र में आशानगर व दीपक नगर दुर्ग में एक-एक मरीज इस बीमारी के मिले हैं। रिसाली क्षेत्र में एक मरीज है। इन मरीजों को डेंगू होने की पुष्टि जिला स्वास्थ्य विभाग ने की है।

#### इन अस्पतालों में चल रहा उपचार

डेंगू मरीजों का उपचार बीएसपी सेक्टर 9 हॉस्पिटल, श्री शंकराचार्य हॉस्पिटल जुनवानी, बीएम शाह हॉस्पिटल और स्पर्श हॉस्पिटल में चल रहा है।बीएसपी सेक्टर 9 हॉस्पिटल में 5 डेंगू मरीजों का इलाज चल रहा है। शेष हॉस्पिटलों में एक-एक डेंगू के मरीज भर्ती किए गए हैं।

#### एक दिन में हुई 99 लोगों की जांच

जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा सीजन में फीवर पीड़ित मरीजों की जांच लगातार जारी है। गुरुवार को 99 लोगों की जांच की गई। इनमें 72 लोगों की जांच किट से और 27 लोगों की एलाईजा टेस्ट किए गए। जिसमें से 8लोगों को डेंगू पाजिटिव पाए गए हैं।

#### स्वच्छता सेवा बेअसर

जिला प्रशासन के निर्देश पर इन दिनों स्वच्छता सेवा प्रारंभ किया गया है। दुर्ग, भिलाई, रिसाली, भिलाई तीन चरोदा नगर निगमों द्वारा इसे अभियान के रूप में लिया गया है। बाजार और तालाब क्षेत्रों में ही यह अभियान दिखाई देता है। वार्डों के भीतर स्वच्छता का बुरा हाल है। वहां निगम की टीम नहीं जाती। गंदगी का आलम है। बदबू से लोग परेशान है। गड्ढों में बारिश का पानी जमा है।

## चंडी मंदिर के दर्शन के बाद सीएम साय देंगे विकास कार्य की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शुक्रवार को दुर्ग शहर के विभिन्न कार्यक्रम में शामिल होगें। इस दौरान यहां आगमन के बाद वे पहले चंडी मंदिर दर्शन के लिए जाएंगे। मंदिर के दर्शन के बाद वार्ड तीन स्थित मठपारा कबड्डी मैदान में सभा का आयोजन किया गया है। भाजपा संगठन द्वारा इस कार्यक्रम को लेकर व्यापक पैमाने पर तैयारियां कर ली गई हैं। उल्लेखनीय हैं कि, नगरीय निकाय चुनाव के पहले सीएम सहित दोनो डिप्टी सीएम के यहां दौरे को लेकर जिला भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय प्रथम बटालियन हेलीपेड, स्टील कालोनी दुर्ग आएंगे। वहां शनि मंदिर के पास सीएम का स्वागत किया जाएगा। वहीं बटालियन हेलीपेड से वायशेप ब्रिज होकर पटेल चौक गंजपारा (सुराना भवन) से सिद्धार्थ नगर से चंडी मंदिर पहुंचेगें। चंडी मंदिर में दर्शन पूजन के बाद नगर निगम दुर्ग के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होगें। जिसके बाद वे कार्यक्रम स्थल से सिद्धार्थ नगर से गंजपारा (सुराना भवन) से पटेल चौक से सर्किट हाऊस रूकेगें। वही से वे प्रस्थान करेगें।



- मुख्यमंत्री सहित रहेंगे दोनो डिप्टी सीएम मठपारा में आयोजन

#### 23 करोड के कार्य का होगा भूमिपूजन

जानकारी अनुसार मुख्यमंत्री उरला के खेल मैदान का विकास कार्य 198.39 लाख, सडक सुरक्षा राजेन्द्र पार्क चौक में विकास कार्य, शहर के विभिन्न स्थानों में वृक्षारोपण कार्य, वार्डो में डामरीकरण व पेवर ब्लाक, गया नगर में मांगलिक भवन, वार्ड पन्द्रह सतनाम भवन के पास सांस्कृतिक भवन निर्माण कार्य, वार्डो में नाली कार्य सहित करीब 23 करोड की सौगात मुख्यमंत्री देगें।

### युवती ने बात नहीं की तो पेट में मारा चाकू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पुलगांव थाना अंतर्गत 22 वर्षीय युवती से बात नहीं करने पर पेट में चाकू से हमला करने का मामला प्रकाश में आया है। मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि घटना नगपुरा-बोरई रोड पर सांई मंदिर के पास की है। युवती एक फैशन हाउस में काम करती है। 24 सितंबर की शाम करीब साढ़े 6 बजे वह घर लौट रही थी। तभी आरोपी खोमन निषाद वहां आया। उससे युवती की पहले से जान पहचान थी। युवती से आरोपी बात करने की कोशिश करने लगा। हाथ भी पकड़ लिया। युवती ने बात करने से इंकार कर दिया, तो आरोपी ने धारदार हथियार से पेट पर वार कर दिया और भाग खड़े हुआ। मामले में पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस लोगों से पूछताछ कर क्लू की तलाश में जुटी हुई है।

## ऑनलाइन गेम में टास्क पूरा करने के नाम पर 3.28 लाख रुपए की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

मोहन नगर थाना अंतर्गत जयंती नगर निवासी पूजा पिता विनोद अन्नम (32 वर्ष) ऑनलाइन ठगी का शिकार हो गई। मोबाइल धारक आरोपी ने पहले फोन कर घर बैठे पैसे कमाने का झांसा दिया। आरोपी ने कहा कि आप घर बैठे टास्क पूरा कर पैसे कमा सकती हैं। युवती झांसे में आ गई। इसके बाद आरोपी ने 19 से 22 सितंबर के मध्य कई बार में 3,28,017 रुपए ठग लिए। युवती को जब लगा कि उससे लगातार ठगी हो रही है, तब उसने इसकी सूचना मोहन नगर पुलिस को दी। बहरहाल पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मामला साइबर टीम को सौंप दिया है। इसके साथ ही मामले में जांच शुरू कर दी गई है। सर्विलांस और अन्य माध्यमों से आरोपी की पतासाजी की जा रही है।



- मोहन नगर थाना अंतर्गत जयंती नगर निवासी पूजा अन्नम हुई ठगी का शिकार

पुलिस ने बताया कि युवती को पहली बार फोन 18 सितंबर को आया। इसके बाद उसे एक टॉस्क पूरा करने के लिए दिया। महिला ने टॉस्क पूरा किया तो उसे टेलीग्राम में किसी कियार गुप्ता से बात करने कहा गया। युवती ने कियार से बात की, इसके बाद युवती को यूपीआई के माध्यम से 210 रुपए भेजे गए। इसके बाद युवती का आत्मविश्वास बढ़ता गया। उसने लगातार टास्क पूरा करना शुरू कर दिया। 16वें टास्क के बाद युवती का पैसा अटकने लगा। उसे पैसा रिफंड नहीं किया जा रहा था। फोन पर लगातार गुमराह कर बार-बार पैसों की डिमांड की जा रही थी। युवती ने कुछ पैसे भी ट्रांसफर किए। इस बीच करीब 3.28 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए। युवती को जब लगा कि उससे ठगी हो रही है, तो उसने पुलिस को इसकी जानकारी दी। इधर पुलिस ने इसे लेकर एडवाइजरी जारी की है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि ऐसे किसी टास्क के जरिए इंकम के झांसे में मोबाइल धारक न आएं। किसी को भी अपरिचित को अपने बारे में कोई जानकारी न दें। ऑनलाइन ठगी का संदेह होने पर भी तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दें।

## तेज बारिश में सुपेला चौक लबालब

**भिलाई।** बारिश का मौसम व्यस्ततम सुपेला चौक की नालानुमा खुली नाली क्षेत्र व आने जाने वाले लोगों के लिए तकलीफदेह होने के साथ जानलेवा भी साबित हो रहा है। यह स्थल दो तीन घंटे की बारिश होने से लगातार दुर्घटना को दावत दे रहा है।

बीती रात हुई मूसलाधार बारिश से जीई रोड पर सुपेला चौक से चर्च तक पूरा क्षेत्र फिर भारी जलभराव की चपेट में था। यहां खुली चौड़ी नाली पर के एक फुट ऊपर पानी बहने के साथ आसपास आर्ध फर्लांग तक सड़क व किनारे परिसर में आधा फुट पानी था। कई दुकानों व मकानों में पानी भर गया। गौरतलब हो कि बीस दिन पूर्व सुपेला चौक पर खुली चौड़ी नाली में गिरने से एक युवक की डूबने से मौत हो गई थी। मृतक का शव पचास फीट दूर मिला। कल बुधवार रात हुई तेज बारिश से फिर यह पूरा इलाका एक फीट तक जल प्लावित हो गया। कई दोपहिया व खोमचे वाले नाली में गिरते बचे। चारों ओर पानी भरा होने से कहां नाली व कहां सड़क है पता ही नहीं चल रहा था। पांच रास्ता तिराहे चर्च से लेकर संजय नगर दहशहरा मैदान के किनारे यानी जीई रोड के किनारे नहर की तरह पानी बह रहा था । बीच में नाली गुम थी। सुपेला चौक से कमला मेडिकल के आगे तक कई दुकानों में पानी भर गया। क्षेत्रवासियों ने बताया कि गत दिनों ऐसी ही बारिश से नाली में डूबने से गरीब युवक की मौते के बाद भी नगर निगम व जन प्रतिनिधि चेते नहीं हैं। न तो पखवाड़े भर में जानलेवा दुर्घटना का कारण बनी नाली का संधारण कराया गया और न ही कब्जे ही हटाए गए हैं। पिछले बीस साल से पानी निकासी का स्रोत नहीं होने के कारण जलभराव की समस्या बनी हुई है।



### अज्ञात वाहन की ठोकर से बुजुर्ग की मौत

**भिलाई।** नेवई थाना अंतर्गत डीपीएस रिसाली के पास अज्ञात चार पहिया वाहन की चपेट में आने से आशीष नगर रिसाली निवासी एक 73 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक का नाम इंद्रसिंह टूटेजा बताया गया है। घटना करीब साढ़े 3 महीने पुरानी है। नेवई पुलिस ने इस मामले में अब जाकर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 304 ए के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि घटना 8 जून की सुबह करीब 9.55 बजे की है। मृतक इंद्रसिंह अपनी सीजी 07 एवाई 2648 मोपेड से सेक्टर-9 हॉस्पिटल से लौट रहा था। वह अपने घर जा रहा था। तभी अज्ञात वाहन ने घटना स्थल पर उसे अपनी चपेट में ले लिया। घटना के बाद आरोपी चालक मौका देख फरार हो गया। आसपास के लोगों ने घायल इंद्रसिंह को सेक्टर-9 हॉस्पिटल में भर्ती कराया। जहां स्थिति को बिगड़ता देख हुए तत्काल स्पर्श हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर प्रारंभिक जांच शुरू की। पता चला कि हादसा अज्ञात वाहन की ठोकर लगने की वजह से हुई। इसके बाद पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है।

सस्ता सस्ता सस्ता
न्यु ओम ज्वेलर्स
शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध
जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री
916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने
अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध
आज ही पधारें
★ 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
★ टोटल हाल मार्क जेवर
★ स्पेशल पर्स, बैग फ्री
★ रिपेयरिंग फ्री
शर्तें लागू
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग




**उपनेता प्रतिपक्ष की शिकायत को कलेक्टर ने संज्ञान में लेकर दिए निर्देश**

# वार्ड 44 में पाइप लाइन संधारण कर पानी सप्लाई की बहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर निगम भिलाई क्षेत्र के जोन-4 शिवाजी नगर वार्ड 44 उड़िया बस्ती गणेश मंदिर सुलभ रोड में नलो में पानी नहीं आने की शिकायत वार्ड पार्षद उपनेता प्रतिपक्ष दया सिंह द्वारा की गई थी। कि वार्ड में पानी की सप्लाई बाधित है, जिसके कारण वार्ड वासियो को बहुत परेशानी हो रही है। इसका संज्ञान दुर्ग कलेक्टर सुश्री रिचा प्रकाश चौधरी ने स्वयं लिया उन्होंने आयुक्त आयुक्त बजंरग दुबे को निर्देशित किया कि गंभीरता से शीघ्र पानी की समस्या का समाधान किया जावे। आयुक्त दुबे मौके पर निरीक्षण करने पहुंचे। जोन आयुक्त सतीश यादव को पूरी टीम के साथ युद्ध स्तर पर कार्य करने को कहा, आयुक्त स्वयं कार्य की मॉनीटरिंग कर रहे थे।



जेसीबी से खुदाई करने पर जॉच के दौरान पता चला कि पाईप लाईन में लकड़ी का कचरा फस गया है। जिसके कारण पानी सप्लाई अवरूद्ध हो रहा है। चोरी छिपे स्थानीय लोगो द्वारा पाईप लाईन में छेद करके बेजा रूप से कनेक्शन ले लेते है। इसी का नतीजा था कि वहां पर लकड़ी का कचरा फस गया था।

उस जगह को काट कर निकाला गया, साफ-सफाई की गई, वाल्व को हटाकर चोकप क्लीयर किया गया। जिससे पाईप लाईन में पानी प्रवाह शुरू हो गया है। यह भी देखने आया की आयुक्त रात में स्वयं मौके पर पहुंच गए कार्य की निगरानी करने पहुंच कर कर्मचारियों की हौसला बढ़ाएं। जिसका नतीजा यह रहा कि समस्या का समाधान शीघ्र हो गया। टंकी के भरने के पश्चात पुरे उड़यि बस्ती गणेश मंदिर सुलभ रोड में पानी की सप्लाई शुरू हो गई है। पाइप लाइन संधारण कार्य जोन अभियंता चंद्रकांत साहू अपने दल के साथ उपस्थित रहे। उनके द्वारा संधारण गैंग लगाकर संधारण का कार्य करवाया गया।

#### समस्या का निदान



लोगों द्वारा चोरी छिपे मेन पाइप लाईन में छेद करके पानी सप्लाई अवैध रूप से ले लिया जाता है। वह ठीक से बंद नहीं हो पाता है इसी का नतीजा है कि कचरा पाइप में फंस जाता है। जिससे पानी सप्लाई में समस्या होती है। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर टोल फ्री नम्बर 1100 में शिकायत कर सकते है। **बजरंग दुबे,** निगम आयुक्त

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
7987328736, 7489348301




हमने बनाया हैं
हम ही सवारेंगे



:: विशिष्ट अतिथि :: **मान. विजय बघेल** सांसद दुर्ग लोकसभा

:: अति विशिष्ट अतिथि :: **मान. विजय शर्मा** उप-मुख्यमंत्री, छ.ग. शासन मंत्री-गृह, जेल, विभाग एवं प्रभारी मंत्री- दुर्ग जिला

:: अध्यक्षता :: **मान. अरुण साव** उप-मुख्यमंत्री, छ.ग. शासन मंत्री-लोक निर्माण, लोक स्वा.यां., नगरीय प्रशा. एवं विकास विभाग

:: मुख्य अतिथि :: **मान. विष्णुदेव साय** मुख्यमंत्री छ.ग. शासन

## नगर पालिक निगम दुर्ग के
# भूमिपूजन कार्यक्रम

:: कार्यक्रम ::

दिनांक : 27.09.2024, शुक्रवार
समय : प्रात: 11.00 बजे
स्थान : कबड्डी मैदान, मठ पारा, वार्ड नं. 03, दुर्ग

दुर्ग शहर को करोड़ों की सौगात देने के लिए **माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी** एवं नगरीय प्रशासन मंत्री **माननीय श्री अरूण साव जी** का

**हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत...**

| क्र. | प्रस्तावित कार्य का विवरण | स्वी. राशि (रु. लाख में) |
|---|---|---|
| 01 | उरला में खेल मैदान का विकास कार्य। | 198.39 |
| 02 | सड़क सुरक्षा हेतु राजेन्द्र पार्क चौक में विकास कार्य। | 88.47 |
| 03 | शहर के विभिन्न स्थानों में वृक्षारोपण कार्य। | 166.02 |
| 04 | विभिन्न वार्डो में डामरीकरण एवं पेवर ब्लॉक। | 135.41 |
| 05 | गया नगर 33 के.वी. पावर स्टेशन के पास, डॉ. बी.आर. अम्बेडकर सर्वसमाज मांगलिक भवन निर्माण कार्य। | 199.43 |
| 06 | वार्ड 15 सतनाम भवन, आयुर्वेदिक अस्पताल के पीछे सांस्कृतिक भवन निर्माण कार्य। | 49.98 |
| 07 | शहर के विभिन्न वार्डो में सड़क, नाली निर्माण–59 कार्य। | 833.00 |
| 08 | वार्ड क्र. 32 शिक्षक नगर में पानी टंकी एवं वाटर सप्लाई पाईप लाईन। | 272.37 |
| 09 | भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापना। | 25.00 |
| 10 | गोंडवाना भवन के प्रथम तल में अतिरिक्त हॉल निर्माण कार्य। | 50.00 |
| 11 | विधायक निधि अंतर्गत विभिन्न विकास कार्य | 214.00 |
| 12 | प्रभारी मंत्री निधि अंतर्गत विभिन्न विकास कार्य। | 65.00 |
| | योग | 2297.07 |

विनीत :





आपका अपना :- **गजेन्द्र यादव**
विधायक, दुर्ग शहर

## खबर संक्षेप



### धमना में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम

**जामगांव आर।** नेहरू युवा केन्द्र दुर्ग के तत्वावधान में मेरा भारत अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा कार्र्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत धमना में किया गया। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत नव युवा।मित्र मंडल युवाओ द्वारा प्लास्टिक एकत्रित कर उसका निष्पादन किया गया। नेहरू युवा केन्द्र दुर्ग के जिला युवा अधिकारी नितिन कुमार शर्मा ने सभी युवाओ से आगामी स्वच्छता पखवाड़ा हेतु युवाओं से इस आयोजन में भागीदारी करने का आग्रह किया है। इस अवसर पर भुवन लाल, प्रेमशंकर, छत्रपाल, ढाल सिंह,मुकेश कुमार, समिति के कोषाध्क्ष प्रेमशंकर ने समवेत स्वर में कहा कि स्वच्छता बनाए रखना हम सब की जिम्मेदारी और कर्तव्य है सभी लोगो को स्वच्छता के लिए आगे आना चाहिए।

### शहीद दिवस पर शामिल होंगे मजदूर-किसान

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा व प्रगतिशील सीमेंट श्रमिक संघ एससीसी भिलाई के नेतृत्व में 28 सितंबर को कामरेड शंकर गुहा नियोगी का 33वां शहीद दिवस तथा शहीद भगत सिंह का 117वां जन्म दिवस पर शहर में रैली एवं सभा का आयोजन किया गया है।

उक्ताशय की जानकारी देते पत्रकारवार्ता में छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष भीमराव बागड़े ने बताया कि 28 सितंबर को छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा तथा प्रगतिशील सीमेंट श्रमिक संघ एससीसी भिलाई के नेतृत्व में आयोजित है। जिसके तहत छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के श्रमिक व समर्थक साढे 9 बजे से राजनांदगांव रेलवे स्टेशन के पास आटो स्टैंड में एकत्र होंगे। यहां से लगभग साढे 11 बजे रैली प्रारंभ होगी, जो शहर भ्रमण करते ईमाम चौक फ्लाई ओवर के नीचे पहुंचेगी, जहां सभा का कार्यक्रम होगा।

## आयोजन : जनसमस्या निवारण और सह स्वच्छता मित्र सुरक्षा शिविर

# स्वच्छता ही सेवा अभियान में 500 लोगों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमधा

जनपद पंचायत धमधा के ग्राम पंचायत अहेरी में जन समस्या निवारण शिविर व सह स्वच्छता मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन गुरुवार को किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि विजय बघेल सांसद दुर्ग की अध्यक्षता में किया गया। वहीं जिला से ऋचा प्रकाश चैधरी कलेक्टर दुर्ग एवं अश्वनी देवांगन मुख्य कार्य पालन अधिकारी जिला पंचायत दुर्ग की उपस्थिति में स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर अंतर्गत लगभग 500 स्वच्छता मित्रों का स्वास्थ्य जांच किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य ग्रामों से आये ग्रामीणजनों का भी स्वास्थ्य जांच कर निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। निर्मला ठाकुर, प्रधान पाठक, प्रदीप कुर्रे, शिक्षक, विजयश्री कुशुवाहा, संकुल समन्वयक एवं निलम ताम्रकार, संकुल समन्वयक के मार्गदर्शन में शाला के बच्चों द्वारा स्वच्छता गीत पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया तथा अनुपयोगी वस्तुओं से विभिन्न प्रकार के नये वस्तुओं का निर्माण कर प्रदर्शनी लगायी गई। जिसका अवलोकन जिलाधीश एवं अन्य अधिकारीगणों द्वारा किया गया। जिलाधीश द्वारा बच्चों के द्वारा बनायी गई कबाड़ से जुगाड़ थीम अंतर्गत कलाकृतियों की प्रशंसा की गई। सांसद विजय द्वारा उपस्थित सभी प्रतिभागियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। वैभव लक्ष्मी स्वच्छाग्राही स्व-सहायता समूह अहेरी, ज्ञान ज्योति स्वच्छाग्राही स्व-सहायता समूह बागडुमर, जय बुड़ादेव स्वच्छाग्राही स्व-सहायता समूह सेमरिया की महिलाओं को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सरस्वती रात्रे, अध्यक्ष जनपद पंचायत धमधा, जितेन्द्र साहू सदस्य जिला पंचायत, भूपेन्द्र साहू सदस्य, जनपद पंचायत धमधा, महेन्द्र राजपूत, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व धमधा, किरण कुमार कौशिक मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत धमधा व ग्रामीणजन उपस्थित थे। अनिता ठाकुर सरपंच एवं रेखा मालवीय सचिव ग्राम पंचायत अहेरी द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय योगदान रहा।

**प्रतिभागियों का स्वच्छता की दिलाई शपथ, स्व सहायता समूह की महिलाओं को किया सम्मानित**




### स्ट्रीट वेंडरों को स्व निधि योजना की दी जानकारी

**कुम्हारी।** नगर पालिका परिषद कुम्हारी क्षेत्र अंतर्गत चल रहे स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में स्वच्छ स्ट्रीट फूड कार्यशाला का आयोजन पालिका सभागार में किया गया। जिसमें निकाय के मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चंद्राकर, निकाय के मिशन मैनेजर शरद सिंह, जिला समन्वयक गौरव केशरवानी एवं सामुदायिक संगठन एवं स्ट्रीट वेंडर शामिल हुए। मिशन मैनेजर शरद सिंह ने वेंडरों को वित्तीय सहायता के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री स्व निधि योजना के तहत लोन लेकर रोजगार कर सकते है, लोन के लिये नगर पालिका परिसर या बैंक से संपर्क कर आवेदन की प्रक्रिया कर 10 हजार उसके पश्चात 20 हजार एवं 50 हजार रूपये ऋण का लाभ ले सकते है। उन्होंने सामुदायिक संगठकों से भी कहा कि महिला स्व सहायता समूहों, पथ विक्रेताओं को स्वच्छता से जुडने जागरूक करें एवं ऋण का लाभ लेने योजना की जानकारी देवे। पथ विक्रेताओं एवं महिला समूहों को स्वच्छता अपनाने स्वच्छता के प्रति सजग रहने, कचरा नहीं फैलाने, झिल्ली पन्नी का उपयोग नहीं करने की सलाह दी।



## अंचल की खबरें

### भाजपा सदस्यता अभियान की हुई समीक्षा बैठक



**उतई।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत उतई के रेस्ट हाउस में आयोजित मंडल स्तरीय सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक दुर्ग ग्रामीण विधायक व छग पिछड़ा आयोग उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर की मौजूदगी में संपन्न हुई। वर्तमान में चल रहे सदस्यता अभियान की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए व आगे की रणनीति पर चर्चा की और सभी को बड़ी संख्या में सदस्य जोड़ने के दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर दुर्ग जिला प्रभारी राजीव अग्रवाल, दुर्ग भाजपा जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र पाध्याय, जिला उपाध्यक्ष दिलीप साहू, जिला मंत्री रोहित साहू, उतई मंडल अध्यक्ष फत्ते लाल वर्मा, महामंत्री सोनू राजपूत, युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रवीण यदु, चंदू देवांगन, रूपेश पारख, हुब लाल चंद्राकार, लक्ष्मी नारायण साहू, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष शुभम वर्मा, नीलम गढ़े, नरेंद्र साहू , पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष चंद्रशेखर बंजारे, पूर्व अध्यक्ष भाजपा दुर्ग ग्रामीण गिरीश शर्मा, सतीश चंद्राकर, दानेश्वरी देशमुख, ममता चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बोरी कॉलेज में केमिकल एसोसिएशन का गठन



**अंडा।** महाविद्यालय के रसायन शास्त्र विभाग द्वारा एमएससी रसायन शास्त्र प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों हेतु केमिकल एसोसिएशन का गठन किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ. मीना चक्रवर्ती विभागाध्यक्ष रसायन शास्त्र ने बताया कि केमिकल एसोसिएशन के गठन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को रसायन शास्त्र के क्षेत्र में होने वाले नवीनतम वैज्ञानिक अनुसंधानों एवं गतिविधियों के बारे में जागरूक बनाना और उनमें अनुसंधान की प्रवृत्ति को बढ़ावा देना है। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. हंसराज ठाकुर ने केमिकल एसोसिएशन के पदाधिकारियों को उनके पद की शपथ दिलाते हुए विद्यार्थियों को इस प्लेटफार्म के माध्यम से अपने संप्रेषण कौशल एवं नेतृत्व क्षमता को विकसित करने का आह्वान किया। इस सत्र में एसोसिएशन के अध्यक्ष के रूप में राहुल चंद्राकर एमएससी तृतीय सेमेस्टर, उपाध्यक्ष नेहा एमएससी तृतीय सेमेस्टर, सचिव सूर्यप्रकाश एमएससी प्रथम सेमेस्टर, सह सचिव वेणु पटेल एमएससी प्रथम सेमेस्टर तथा सदस्यों के रूप में तारिणी, अनुष्का, चंद्रपाल वर्मा एवं गंगा ने अपने पद की शपथ ली।

## विद्यार्थी अपने लक्ष्य प्राप्ति के लिये अनुशासित जीवन अपनाएंः डॉ. अजय



हरिभूमि न्यूज ⏭ पाटन

संत विनोबा भावे कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र मर्रा में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के निर्देशानुसार नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत दीक्षा आरम्भ का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम ऑनलाइन के माध्यम से इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा आयोजित मुख्य कार्यक्रम में दीक्षा आरम्भ 2024-25 में महाविद्यालय के नव प्रवेशी छात्रों तथा शिक्षकों ने ऑनलाईन के माध्यम से जुड़कर भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल और कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विश्वविद्यालय के कुलपति का उद्बोधन संदेश सुना गया।

▪ कृषि महाविद्यालय मर्रा में दीक्षा आरंभ कार्यक्रम

अधिष्ठाता डॉ. अजय वर्मा ने सभी नव प्रवेशी छात्रों कों तिलक लगाकर स्वागत किया। आगे डॉ. वर्मा ने कहा कि विद्यार्थी अपने लक्ष्य प्राप्ति के लिए अनुशासित जीवन अपनाएं। व्यक्तित्व विकास, कौशल विकास और शिक्षण कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने कों कहा गया। कृषि के क्षेत्र में असीम सम्भावनाओं के साथ कृषि क्षेत्र का समाजिक, राजनीतिक एवं आर्थिक महत्व कों बताया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षण प्रभारी डॉ. सुशीला तथा पुस्तकालयाध्यक्ष प्रवीण साहू के द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. नितिन कुमार तुर्रे, डॉ. दीपिका देवदास, डॉ. रुथ. ऐलिजाबेथ, हेमंत साहू, एलके आदि उपस्थित थे।

## एकात्म मानववाद समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के कल्याण के लिए कार्य करने की प्रेरणा देता हैः ललित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत ग्राम बोरई में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्मजयंती समारोह में दुर्ग ग्रामीण व राज्य ग्रामीण अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर सम्मिलित होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। पंडित उपाध्याय के एकात्म मानववाद और अंत्योदय के सिद्धांत हमें समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के कल्याण के लिए कार्य करने की प्रेरणा देते हैं। उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित किया और उनके सिद्धांतों और विचारों को आत्मसात किया। इस अवसर पर अंजोरा मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू , जनपद सदस्य भानाबाई ठाकुर, ओमेश्वर राजू यादव, सुतीक्ष्ण यादव, छत्रपाल साहू, प्रीत लाल ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि शिवकुमारी वैष्णव, संतोष साहू, गजल यादव, थावेंद्र यादव, संतोष यादव, रवि साहू, अश्वनी साहू, नरेश साहू, ईश्वर यादव,



रामकली साहू, शिवकुमार निर्मल सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी व कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण व राज्य ग्रामीण अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए बताया पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्म 25 सितंबर 1916 को मथुरा जिले के नगला चंद्रभान गांव में हुआ था। उनके पिता का नाम भगवती प्रसाद उपाध्याय और माता का नाम रामप्यारी था। उनके पिता रेलवे में सहायक स्टेशन मास्टर थे और माता धार्मिक प्रवृत्ति की थीं। दीनदयाल 3 वर्ष के भी नहीं हुए थे, कि उनके पिता का देहांत हो गया और उनके 7 वर्ष की उम्र में मां रामप्यारी का भी निधन हो गया था। अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संपर्क में आएं, आजीवन संघ के प्रचारक रहे। 21 अक्टूबर 1951 को डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की अध्यक्षता में 'भारतीय जनसंघ' की स्थापना हुई।

▪ भाजपाइयों ने पं. दीनदयाल की जयंती मनाई

### एथलेटिक्स में युवरानी को मिला सिल्वर मेडल



**जामगांव आर।** सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ रायपुर सहित राष्ट्रीय स्तर पर एथलेटिक्स बौद्धिक प्रतियोगिता विद्याभारती द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालयों के लिए प्रारंभ हो चुकी है। जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर की छात्रा युवरानी पुत्री बेनीराम यादव ने विभाग स्तरीय एथलेटिक्स स्पर्धा डोंगरगढ़ में गोल्डमेडल जीत कर कोनी बिलासपुर में सिल्वर मेडल हासिल कर क्षेत्र स्तरीय एथलेटिक्स दौड़ में खंडवा मध्यप्रदेश के लिए चयनित हुई। छात्रा युवरानी 27 सितंबर को खंडवा में दौड़ लगाकर प्रतिभा का प्रदर्शन करने खंडवा पहुंच चुकी है। खेल प्रवास प्रभारी हीना साहू ने बताया कि सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालयों से आए प्रतिभागी एक दूसरे को कसमकस टक्कर देकर अपनी प्रतिभा निखार पाते है। युवरानी दौड़ में अच्छी फोकस करती है जिसका परिणाम प्रांत में सिल्वर मेडल मिला और क्षेत्र स्तरीय खेल खंडवा के लिए चयनित की गई।

**संस्कृति महोत्सव स्पर्धा के लिए बच्चे चयनितः** विभाग स्तरीय संस्कृति महोत्सव खैरागढ़ में सरस्वती शिशु मंदिर जामगांव आर के बच्चे बाल वर्ग किशोर वर्ग और तरुण वर्ग स्तर पर भाग लेंगे। वहीं 1 अक्टूबर 2024 से खैरागढ़ में आयोजित सांस्कृतिक ज्ञान प्रतिस्पर्धा में 30 विद्यार्थी भाग लेंगे। दिव्या चंद्राकर, रोशनी साहू ने बताया कि विधा के लिए बच्चे चयनित किए जा चुके हैं।

## निधन

### पवन सोनकर



**कुम्हारी।** वार्ड क्रमांक 5 बाजार चौक कुम्हारी निवासी पवन सोनकर उम्र 50 वर्ष का आकस्मिक निधन बुधवार को हो गया। जिनका अंतिम संस्कार खारुन मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे पत्नी, पुत्री व पुत्र कमलेश सोनकर सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

### शान्ति देवी जोशी



**भिलाई।** विवेकानंद नगर निवासी राजस्थानी गौड़ ब्राम्हण समाज दुर्ग सदस्य स्व. कन्हैया लाल जोशी की पत्नी शान्ति देवी जोशी का निधन 26 सितम्बर को हो गया है। उनका अंतिम संस्कार शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया गया। वे मुन्ना लाल जोशी की मां एवं अनुराग, रवि जोशी की दादी थीं।

### छाया रानी घोष



**भिलाई ।** एआईजी -1 /37 हुडको निवासी निवासी छायारानी घोष पति स्व. दिनेश चंद्र घोष 84 वर्ष का निधन गुरुवार को हो गया है। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को रामनगर मुक्तिधाम में होगा। वे राजेश कुमार घोष, राकेश चंद्र, सपना दास व मीता बनिक की मां थीं।

## आश्वासन के बाद भी प्राकृतिक आपदा राहत राशि का भुगतान नहीं किया

**धमधा।** धमधा के प्रभावित किसानों ने प्रशासन को दिया 7 दिन का अल्टिमेटम दिया था और कहा था कि नहीं तो करेंगे अनिश्चितकालीन क्रमिक भूख हड़ताल लेकिन प्रशासन ने ध्यान नही दिया। फ़रवरी, मार्च में धमधा ब्लाक में अतिवृष्टि और ओलावृष्टि से अनेक गांवों में चना और गेहूं की फसल को क्षति हुई थी किसानों ने आरबीसी के प्रावधान के अंतर्गत राहत राशि की मांग को लेकर अभियान चलाया था इस पर प्रशासन ने सर्वे किया था और प्रभावित किसानों की सूची बनाई गई थी। दावा आपत्ति के बाद सूची को अंतिम रूप प्रदान किया गया था किंतु सभी गांवों के प्रभावित किसानों को राहत राशि का भुगतान आज तक नही किया गया है । ठेलका, पगबंधी सहित अनेक गांवों के प्रभावित किसानों को राहत राशि का इंतजार है। प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानों ने 7 दिन में राहत राशि प्रदान करने का अल्टिमेटम दिया था इसके बाद भी राहत राशि का भुगतान नहीं किया गया इस पर प्रभावित किसानों ने मंगलवार 10 सितंबर को दोपहर 2 बजे किसान बंधु के बैनर तले बाबा टेक सिंह चंदेल किसान नेता के नेतृत्व में धमधा के बस स्टैंड में धरना प्रदर्शन करने का निर्णय किया था इस पर तहसीलदार ने 7 दिन में राहत राशि का भुगतान कर देने का आश्वासन दिया था। लेकिन प्रभावित किसानों को राहत राशि का भुगतान नहीं किया गया। इससे आक्रोशित किसानों ने किसान बंधु संगठन धमधा के बैनर तले अवंती ठेलका चौक में बैठक किया जिसमें किसानों ने निर्णय लिया कि यदि एक सप्ताह में प्रभावित किसानों को राहत राशि का भुगतान नहीं किया गया तब अनिश्चितकालीन क्रमिक भूख-हड़ताल किया जाएगा ।

**अघोषित बिजली कटौती से किसानों में आक्रोश**

किसानों को सिंचाई के लिए बोर से पानी की आवश्यकता है लेकिन अघोषित बिजली कटौती के कारण किसान सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं किसान आंदोलन के दौरान अघोषित बिजली कटौती के मुद्दे को भी प्रमुखता से उठाया जाएगा। बाबा टेक सिंह चंदेल किसान नेता, गिरीस साहू, ओमप्रकाश ठाकुर, भवानी सिन्हा, चोवा वर्मा, भूवनेश्वर नेताम, रति वर्मा, पुरषोत्तम वर्मा, रामचन्द सिन्हा, मनबोध मंडावी, चिंताराम, दुजराम वर्मा, दादू शर्मा, हेमंत यादव इत्यादि किसान जन उपस्थित थे।

## छात्रा काव्या और प्राची को मिला जवाहर उत्कर्ष योजना का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जामगांव आर





स्वामी आत्मानंद विद्यालय जामगांव आर जवाहर उत्कर्ष योजना के अंतर्गत 2023-24 की परीक्षा जो आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग रायपुर द्वारा आयोजित की जाती हैं। जिसमें विद्यालय के छात्रा काव्या कोठारी पिता लक्ष्मण कोठारी, प्राची मंडावी पिता देवनाथ मंडावी उत्तीर्ण होकर विद्यालय का नाम रोशन किए। इस योजना के अंतर्गत राज्य स्तरीय परीक्षा होती है जिसमें उतीर्ण होने वाले बच्चों को राज्य स्तरीय आवासीय उत्कृष्ट विद्यालय में उत्कृष्ट भविष्य निर्माण करने का सुनहारा अवसर मिलता हैं। इस उपलब्धि पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रदीप महिलांगे, शाला विकास प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नरेश केला, विधायक प्रतिनिधि रूपेंद्र शुक्ला, विद्यालय के प्राचार्य राजेश पिल्लई, प्रभारी ओम प्रकाश वर्मा, प्रधानपाठक खैरुन निशा खान सहित सभी शिक्षकों ने बच्चों को बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दिए।

### कार्यकर्ताओं को अभियान में जुड़कर काम करने अपील की



**पाटन।** पाटन सदस्यता अभियान को लेकर विश्राम गृह पाटन में सभी बूथ अध्यक्षों एवं जनप्रतिनिधियों की आवश्क बैठक रखी गई थी। बैठक में जिला सदस्यता अभियान के प्रमुख संयोजक राजेन्द्र पाध्ये ने कहा कि सभी जनप्रतिनिधियों सहित बूथ के सभी स्तर के कार्यकताओं को लक्ष्य दिया गया है उसका पालन करते हुए प्रत्येक घर में सदस्य बनाये। उन्होंने कहा कि जब तक सक्रिय सदस्य नहीं बनेंगे या 200 सदस्य नहीं बनायेंगे तो आने वाले चुनाव में आपको सरपंच, जनपद सदस्य या नगर पंचायत के अध्यक्ष, पार्षद की टिकिट नहीं मिलेगी इसलिए पाटन विधानसभा में जिस मंडल को जो लक्ष्य दिया गया है उसे 15 अक्टूबर तक पूरा करना होगा। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अभियान में जुड़कर काम करने की सलाह दी है। इस अवसर पर जिला भाजपा उपाध्यक्ष दिलीप साहू, मंडल अध्यक्ष खेमलाल साहू, मेहतर वर्मा, पोसूराम निर्मलकर, पारंगत साहू, चंद्रिका साहू, महिला मोर्चा अध्यक्ष निशा सोनी, युवा मोर्चा अध्यक्ष कुणाल शर्मा, होरी लाल देवांगन, सागर सोनी, छोटे लाल देवांगन, चिरंजीव देवांगन आदि उपस्थित थे।

## बिजनेस साइट

### फैटी लिवर स्वास्थ्य के लिए खतरे का संकेतः डॉ. जीवन लाल



**भिलाई।** लिवर हमारे शरीर का दूसरा सबसे बड़ा अंग है। यह हमारे द्वारा उपभोग किए जाने वाले भोजन और पेय पदार्थों से पोषक तत्वों को प्रोसेस करने में मदद करता है। यह रक्त से विषैले पदार्थों को फिल्टर करता है। आरोग्यम हॉस्पिटल दुर्ग के डॉ. जीवन लाल घीदले ने चर्चा के दौरान बताया कि फैटी लीवर का मुख्य कारण अत्यधिक शराब का सेवन, मोटापा, डायबिटीज, ट्राइग्लिसराइड का बड़ना इत्यादि होता है जिसका सही समय पर इलाज ना हो तो वह लीवर को पूरी तरह से संक्रमित या डैमेज कर सकता है जिससे विभिन्न प्रकार की शारीरिक समस्याएं उत्पन्न हो सकती है जैसे गैस, अपचन, लीवर फेलियर इत्यादि। डॉ. जीवन लाल ने चर्चा में यह भी कहा की मधुमेह रोगियों एवं अधिक वजन वालों को खासकर फैटी लिवर की समस्या आती है। इससे बचाव के लिए व्यवस्थित जीवनशैली का अनुसरण करना चाहिए, तले भुने भोजन से दूर रहना चाहिए एवं नियमित रूप से अनुभवी चिकित्सक से परामर्श लेना चाहिए।

### गर्जना हो तो अपने आप को बचाएंः अजीत

**अंडा।** ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार आकाशीय बिजली गर्जना के साथ घट रहा है, मैं समस्त किसान भाइयों आम नागरिकों से निवेदन करता हूं अगर बारिश हवा और गर्जना जब चले तब अपने आप को बचाने के लिए सुरक्षित स्थानों पर जाएं ऐसे समय मे बचने की हमारे पास क्या उपाय हैं हम सबको जानकारी होना चाहिए उक्त बातें भाजपा किसान मोर्चा दुर्ग जिला महामंत्री अजीत चंद्राकर ने कहा आम जनता को हमारे बच्चों को बताना चाहिए।

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### नौशाद की गजलों का प्रसारण आकाशवाणी से कल



**भिलाई।** पदुम नगर चरोदा निवासी शायर नौशाद अहमद सिद्दीकी की ग़ज़लों का प्रसारण आकाशवाणी रायपुर में पल्लवी कार्यक्रम में 28 सितंबर शनिवार की सुबह 10 बजे से होगा। इसकी रिकॉर्डिंग कार्यक्रम प्रभारी प्रकाश उदय ने की हैं।

### उमा को मिली पीएचडी



**भिलाई।** हेमचंद विश्वविद्यालय द्वारा उमा हरदेल को हिंदी साहित्य में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। उनके शोध का विषय मोहन राकेश के एकांकी और नाटकों का मनोवैज्ञानिक अध्ययन है। उन्होंने अपना शोध शासकीय महाविद्यालय बेलौदी के हिंदी विभागाध्यक्ष डां. दीनदयाल दिल्लीवार और शासकीय कला वाणिज्य महाविद्यालय दुर्ग के हिंदी विभाग अध्यक्ष डां. अभिनेष सुराना के सह निर्देशन में पूर्ण किया। वे मेडिकल व्यवसायी पवन हरदेल की पत्नी हैं।

### निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण कार्य के लिए जगत होंगे प्रेक्षक

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा बेमेतरा जिले के अपर कलेक्टर श्री गुड्डू लाल जगत को दुर्ग जिले के नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के निर्वाचक नामावली तैयार/ पुनरीक्षण कार्य हेतु प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। प्रेक्षक नियुक्त होने के उपरांत 26 सितम्बर 2024 को प्रेक्षक श्री गुड्डू लाल जगत का दुर्ग आगमन हुआ जहाँ वे दुर्ग जिले के अंतर्गत नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों में चल रहे निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण कार्यों का जायजा लिया तथा इस संबंध में उप जिला निर्वाचन, अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) श्री विरेन्द्र सिंह, संयुक्त कलेक्टर को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। प्रेक्षक श्री गुड्डू लाल जगत से निर्वाचक नामावली के संबंध में लोक निर्माण विभाग दुर्ग के सर्किट हाऊस के कक्ष क्रमांक 06 में कार्यालयीन समय प्रातः 10.00 बजे से शाम 05.30 बजे तक सम्पर्क किया जा सकता है।

# जिले के सवा सौ किसानों की 90 तो कही पूरा सौ फीसदी उद्यानिकी फसल खराब

## दुर्ग और धमधा के किसानों की फसल 75-100 फीसदी तक नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

विगत दिनों बाढ के चलते उद्यानिकी फसल तबाह हो गई है। धमधा और दुर्ग ब्लाक के करीब सवा सौ से अधिक किसानों का 90-100 फीसदी फसल खराब हो गया है। प्रभावित किसानों ने प्रधानमंत्री फसल बीमा तक नही कराया है। जिसके चलते किसानों को आरबीसी 6-4 के तहत मुआवजा की आस लगाए बैठे हैं।

उल्लेखनीय हैं कि, विगत दिनों बाढ के कारण खरीफ सीजन में लगाए गए सब्जी की फसल बुरी तरह से प्रभावित हुए है। सर्वे में पाया गया कि, किसानों के खेतों में पानी भरने के कारण सब्जी के पौधे मौके पर ही गलकर सड गए। दुर्ग के चालीस से अधिक किसानों के 103.75 हेक्टेयर रकबा में करीब 86.98 हेक्टेयर फसल खराब हो गए है। जिसमें विनायकपुर, महमरा, गनियारी, आलबरस, नगपुरा, ढाबा, झोला, सिलोदा जैसे अन्य गांव शामिल है। जिसमें किसानों ने मोटी रकम खर्च कर लौकी, कद्दू, गेदा, पपीता, खीरा, केला व बैठन सहित अन्य किस्त के सब्जियों की खेती की थी। इसके आलावा धमधा के 90 से ज्यादा किसान प्रभावित हुए है। धमधा में 39.77 हेक्टेयर में फसल लगाए थे। सर्वे में स्थिति यह रही कि पूरा 34.93 हेक्टेयर फसल खराब हो गया हैं। धमधा के देउरकोना, घोठा, तुमाखुर्द, सगनी, परसदा गांव में लगे टमाटर, भिंडी, गिलकी, बरबट्टी सहित अन्य सब्जी खराब हो गए।

### 117 किसानों ने नहीं कराया बीमा

बडी परेशानी इस बात की भी है कि, सब्जी फसल को लेकर ज्यादातर किसानों ने प्रधानमंत्री फसल बीमा नही कराया था। बाढ से करीब सवा सौ किसानों का फसल प्रभावित हुआ है। इसमें से 117 किसानों ने बीमा ही नही कराया है। अब इन किसानों को पीएम फसल बीमा मिलने से वंचित हो जाएंगे। ऐसे किसान आरबीसी 6-4 के तहत मुआवजे की मांग कर रहे हैं। उद्यानिकी विभाग के सहायक संचालक पूजा कश्यप ने बताया कि, सर्वे कर नुकसान की रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेज दी गई है।



### धान फसल के सर्वे का पता नहीं

उद्यानिकी विभाग द्वारा फसल के नुकसान का सर्वे करा लिया गया है। लेकिन शिवनाथ नदी से लगे धान की फसल भी व्यापक पैमाने पर खराब हुई है। लेकिन अब तक राजस्व विभाग के मैदानी अधिकारियों ने धान के नुकसान का रिपोर्ट ही तैयार नही किया है। जबकि नदी से लगे दर्जनभर से अधिक गांव के किसानों का धान फसल प्रभावित हुआ है। इस मामले में कृषि विभाग के अधिकारी राजस्व द्वारा सर्वे करने की बात कह रहे है। लेकिन राजस्व ने अब तक रिपोर्ट नही सौंपी है।

## लीज शर्तों का उल्लंघन, अतिरिक्त निर्माण के साथ तन गए दो तीन मंजिला मकान

# टाउनशिप के सैकड़ों लीज आवासों में चल रहे व्यवसाय, कसेगा शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

टाउनशिप में लीज आवासों में कर्मशियल उपयोग करने वालों पर बीएसपी का शिकंजा कसेगा। कई लीजधारियों द्वारा अपने आवासों का व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा है। इसके अलावा अतिरिक्त निर्माण भी कर लिया गया है। इससे बीएसी व नगर निगम दोनों को ही नुकसान हो रहा है।

उल्लेखनीय है कि टाउनशिप में बीएसपी द्वारा बीस साल पूर्व 45 सौ आवास लीज पर दिए गए थे। बीएसपी कर्मियों व सेवानिवृत्तों द्वारा निर्धारित राशि भुगतान कर यह बीएसपी क्वार्टर खरीदे थे। पांच फेस में निकली आवासीय लीज योजना के तहत लीजधारियों को क्वार्टर लीज पर दिए गए। लेकिन कई लीजधारियों द्वारा लीज शर्तों का उल्लंघन किया गया है। लीज शर्त में स्पष्ट उल्लेख है कि लीज पर दिए गए आवासों का कर्मशियल उपयोग नहीं किया जा सकता है। इसी तरह नक्शे के विरुद्ध किसी तरह का अतिरिक्त निर्माण भी नहीं किया जाएगा। लेकिन कई लीजधारियों द्वारा दोनों ही बिंदुओं पर उल्लंघन किया जा रहा है। इसके लिए बीएसपी व नगर निगम दोनों ही एजेंसियों द्वारा पूर्व लीजधारियों को चेताया गया था। इसके तहत टाउनशिप के सेक्टर 1, 2, 5, सेक्टर 8 आदि सेक्टरों में कई लीजधारियों ने अपने आवास के सामने वाले हिस्से यानी कमरे व हाल में विभिन्न तरह के व्यवसाय किए जा रहे हैं। कई ने बकायाद शटर लगा रखे हैं और दुकानों को साइन बोर्ड भी लगाए हैं। सूत्रों के मुताबिक यह लीज शर्तों का उल्लंघन है। इनके खिलाफ शिकंजा कसेगा।

### पांच लीज फेस में बिके थे 45 सौ क्वार्टर



### टेंट, कैटरिंग व खुल गईं दुकानें

टाउनशिप के विभिन्न सेक्टरों में कई लीजधारियों द्वारा आवासों को व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा है। इनमें डेली नीड्स शांप, फैंसी जनरल स्टोर्स व राशन दुकान, आटोमोबाइल एजेंसी के छोटे शोरुम, साड़ी दुकान, ब्यूटी पार्लर, बुटिक, जिम, कोचिंग सेंटर, मेस, कैटरिंग, साड़ी आदि कपड़ा दुकान, प्रापर्टी डीलर आफिस, इन्वेस्ट एजेंसी, सिलेंडर सप्लाई आदि व्यवसाय पिछले दस पंद्रह साल से संचालित किए जा रहे हैं। वहीं सेक्टर 6 व सेक्टर 1 आदि में कई खाली आवासों में पचासों टैंट व केटरिंग व्यवसायों का संचालन हो रहा है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि जिन सेक्टरों के क्रास स्ट्रीय या व्यस्त सड़कों के किनारे इस तरह के व्यवसाय संचालित किए जा रहे, वहां डिलेवरी वाहन, भीड़ व ट्रैफिक से आसपास के लोगों को असुविधा भी हो रही है। इसकी शिकायत समय पर बीएसपी व निगम से की गई है।

### दो व तीन मंजिला बना लिए मकान

टाउनशिप के सभी सेक्टरों में 45 सौ आवास तीस साल के लिए लीज पर दिए गए थे। वर्ष 2000 से 2005 तक पांच चरणों में लीज आवासीय योजना के तहत विभिन्न सेक्टरों लीज पर आवास खरीदने वालों में सैकड़ों लोगों ने मूल नक्शे के विरुद्ध अतिरिक्त निर्माण कर लिए हैं। सेक्टर 1, 3, 5, सेक्टर 10 और सेक्टर 4 आदि सेक्टरों में दो मंजिला व तीन मंजिला आवासों का निर्माण कर लिया गया है। इससे सेक्टरों का क्षेत्र किसी प्राइवेट कालोनी की तरह नजर आता है। अतिरिक्त व व्यासायिक उपयोग से बीएसपी व नगर निमग को टैक्स व संपत्ति का भी नुकासन हो रहा है।

# कल बरगा आएंगे केंद्रीय मंत्री पाटिल व सीएम साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव





केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जिले के ग्राम बरगा आएंगे। दो अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत यह आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ ही केंद्रीय मंत्री स्वच्छता दीदीयों से बात एवं जिला प्रशासन का प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट का काम भी देखेंगे।

मिली जानकारी के अनुसार कल शनिवार को बरगा में यह आयोजन किया गया है। जिला प्रशासन ने इस कार्यक्रम को लेकर अपनी तैयारी शुरू कर दी है। केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल के साथ ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित प्रदेश सरकार के तीन से चार मंत्री भी पहुंच सकते हैं। उल्लेखनीय है कि स्वच्छता ही सेवा अभियान में स्वच्छता और पर्यावरण स्थिरता पर विशेष जोर दिया गया है। इस अभियान की थीम इस बार स्वभाव स्वच्छता - संस्कार स्वच्छता रखी गई है। इस वर्ष 17 सितंबर से 1 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान की शुरूआत औपचारिक स्वच्छता शपथ और एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण अभियान के साथ हुई थी। इस पखवाड़े के तहत आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सीएम साय एवं केंद्रीय मंत्री पाटिल बरगा आ रहे हैं।

### धमधा में निकाली गई स्वच्छता बाइक रैली

**दुर्ग।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार जिला पंचायत दुर्ग के सीईओ अश्वनी देवांगन के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत मुरमुंदा से ग्राम पंचायत गोढ़ी तक स्वच्छता बाईक रैली का आयोजन किया गया। स्वच्छता बाईक रैली में 45 ग्राम पंचायतों के सचिव, रोजगार सहायक एवं स्वच्छग्राही द्वारा प्रतिभाग किया गया। मोटर सायकल रैली का मुख्य उद्देश्य अहिवारा क्षेत्र में आने वाले विभिन्न ग्रामों में स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है। इस रैली के साथ स्वच्छता रथ को भी भ्रमण कराया गया। बाईक रैली में स्वच्छता संबंधित नारे एवं गीत के माध्यम से स्वच्छता संदेश का प्रचार-प्रसार किया गया। बाईक रैली में किरण कुमार कौशिक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत धमधा, राजेन्द्र प्रसाद साहू, दूरदर्शन के एंकर, मोहित राम खरे, सरपंच ढौर, गोपीराम साहू, सरपंच गोढ़ी आदि सम्मिलित हुए।

# बीएसपी कर्मियों के हितों में मान्यता काल में हमने कराए कई कार्य: चन्ना केशवलू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



- भिलाई इस्पात मज़दूर संघ की पत्रकार वार्ता

भिलाई इस्पात मज़दूर संघ ने यूनियन मान्यता में आने के बाद प्रबंधन से बीएसपी कर्मचारियों के हितों के लिए कई कार्य किए हैं। लायसेंसी आवास की अमानत राशि कम करान व आवास अवांटन में तेजी लाने सहित कई उपलब्धियां यूनियन के खाते में आईं। काफी हाउस में गुरुवार कोभिलाई इस्पात मजदूर संघ के महासचिव चन्ना केशवलू ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि हमारी यूनियन ने लाइसेंस में आवास आवंटन सुविधा के तहत 200 वर्गफीट मकानों के लिए अमानत राशि जो पूर्व में 5 लाख थी जिसे कम कर 2.5,लाख रूपये कराया, सेक्टर नौ हास्पिटल में कार्डियोलॉजिस्ट के साथ 32 नए डॉक्टर व पैरामेडिकल स्टाफ की भर्ती हुई। अधिकारियों के लिए बने भिलाई क्लब व स्टील क्लब की तरह ही कर्मचारियों के लिए दो क्लबो सेक्टर-7 एवम सेक्टर-4 मॉडल क्लब हेतु 1.5 करोड़ की राशि स्वीकृत कराई गई। मरीजों का रेफरल प्रक्रिया का सरलीकर व 1200 से अधिक मकानों में टारफेल्टिंग कराया गया। एस-1 वाले को एनक्यू-4 को -5 की पात्रता कराई गई। उन्होंने बताया कि नॉन फाइनेंशियल मोटिवेशनल स्कीम को फिर से लागू कराने वएनबीसीसी के साथ बीएसपी का कार्य अनुबंध हुआ जिससे कि सभी टाउनशिप के आवासों का संधारण एवं उन्नयन कर्मचारियों के आवश्यकता के अनुसार समय सीमा में हो सके। सीपीएफ ऋण की राशि वेतन का 12 गुना से बढ़ाकर 18 गुना कराई गई। बीएसपी के अंदर 10 सर्वसुविधायुक्त सुलभ शौचालय का कार्य शुरू कराये व ठेका श्रमिकों का ठेकेदार द्वारा दस लाख की राशि दुर्घटना बीमा शुरू कराया गया। चन्ना केशवलू ने कहा कि बीएसपी प्रबंधन का यूनियन और कर्मचारियों के प्रति हिटलर शाही एवं भेदभाव पूर्ण रवैया है ।कर्मचारियों के हित में कोई भी कार्य टालने के अलावा कोई भी कार्य करने में दिलचस्पी नहीं दिखाई देती है ।पत्रकार वार्ता में यूनियन के उपाध्यक्ष सन्नी ईपपन,संयुक्त महामन्त्री प्रदीप कुमार पाल,सह सचिव संतोष जगन्नाथ नाले उपस्थित थे।

# मौसम की मार ने बढ़ाई महंगाई, लोकल बाड़ी से आवक नहीं, सब्जियों के दामों में दोगुना उछाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

- टमाटर 50, गोभी पहुंची 80, किचन का बजट बिगड़ा

लोकल बाड़ी से आवक नहीं होने के चलते सब्जियों के दामों में इन दिनों काफी इजाफा देखा जा रहा है। चिल्हर मार्केट में सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं। इस सीजन में 25-30 रुपए किलो मिलने वाली सब्जियां 60-70 रुपए किलो में बिक रही है। जिससे मध्यमवर्गीय परिवार की रसोई का बजट बिगड़ा हुआ है।

शहर के मुख्य सब्जी बाजार गोल बाजार में भी सब्जियों की आवक कम है। यहां ज्यादातर सब्जियां बाहर से आ रही है। वहीं लोकल बाड़ी की सब्जियां नहीं पहुंचने पर सब्जियों के दामों में उछल बना हुआ है और फिलहाल सब्जियों के दाम में कमी आने की संभावना भी नजर नहीं आ रही है। आमतौर पर ठंड के शुरूआती दिनों से ही सब्जियों के दामों में गिरावट भी शुरू हो जाती है, लेकिन इस वर्ष बाढ़ और मौसम में उतार-चढ़ाव के चलते इसका असर सब्जी बाड़ी पर पड़ा है। जिसके चलते फसल खराब हुई है और पर्याप्त मात्रा में उत्पादन नहीं होने के चलते सब्जियों के दाम बढ़ गए हैं। राजनांदगांव जिले में अधिकांश सब्जी बाड़ी शिवनाथ नदी के किनारे स्थित है। बीते दिनों शिवनाथ नदी में आए बाढ़ की वजह से नदी किनारे की सब्जी बाड़ी भी डूबान में आ गई और लगभग दो-तीन दिनों तक बाढ़ का पानी नहीं उतरने पर सब्जी पानी में डूबी रही। जिसकी वजह से कई क्षेत्रों में सब्जियों की फसल को नुकसान पहुंचा है। जिसके चलते लोकल बाड़ी से सब्जियों की आवक की पूर्ति नहीं हो पा रही है। आवक कम होने की वजह से सब्जियों के दाम भी बढ़े हुए हैं।



### आवक कम होने से बढ़े दाम

शहर के गोल बाजार, हाट बाजार सहित कुछ अन्य बाजारों में सब्जियों के रेट एक समान ही है। जिसमें गलका 40, टमाटर 50, सेमी 80, फूल गोभी 80, पत्ता गोभी 40, कुम्हड़ा 20, करेला 40, तोराई 40, बरबट्टी 60, खीरा 10, लौकी 30, गंवार फल्ली 40, मूली 10, भिंडी 40, कुंदरू 40 और शिमला मिर्च 80 रुपए किलो की दर से बिक रही है।

# प्रवर्तन अनुभाग ने पुलिस के साथ अवैध कब्जों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



- रिसाली के बीएसपी आवासों के कब्जेधारियों को किया थाना तलब

भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के प्रवर्तन अनुभाग (एनफोर्समेंट) तथा पुलिस विभाग द्वारा रिसाली सेक्टर मरोदा सेक्टर में बीएसपी क्वार्टर के अवैध कब्जों का निरीक्षण किया गया। रिसाली सेक्टर तथा मरोदा सेक्टर में एनफोर्समेंट विभाग के साथ, नेवई थाना के टीआई आनंद शुक्ला ने बीएसपी आवासों में दलालों द्वारा ताला तोड़कर किए जा रहे कब्जे का निरीक्षण किया। वैधानिक कार्यवाही के दौरान 3 दलालों और अवैध कब्जेधारियों की पहचान की गई है। अवैध कब्जेधारियों को आगे की कार्यवाही के लिए थाना बुलाया गया है।

दलालों द्वारा छात्रों, अपराधियों, आमजनों आदि से पैसे लेकर यह अवैध कब्जों वाले कमरे किराये में चलाये जाते हैं। एनफोर्समेंट टीम द्वारा आवास खाली करवाकर ताला लगाकर रखरखाव कार्यालय को हैंड ओवर किया जाता है, लेकिन दलालों द्वारा बीएसपी आवासों का ताला तोड़कर, अपना आवास बताकर लोगों को किराये में दिया जाता है और उनसे अवैध रूप से वसूली की जाती है। कई बार समझाइश देने और कार्यवाही के बावजूद दलालों द्वारा बीएसपी आवासों का ताला रात में तोड़ दिया जा रहा है। इस संबंध में विभाग द्वारा पुलिस प्रशासन से मिलकर वैधानिक कार्यवाही के लिए निवेदन किया गया। नेवई पुलिस बल, बीएसपी प्रवर्तन विभाग के अधिकारी, इंस्पेक्टर तथा अन्य स्टाफ मेंबर द्वारा रिसाली सेक्टर तथा मरोदा सेक्टर में निरीक्षण किया गया। पुलिस द्वारा दलालों और अवैध कब्जेधारियों के विरुद्ध कार्यवाही के लिए नेवई थाने में तलब किया गया है।

## स्टील इम्पलाइज यूनियन इंटक की बैठक में समाधान पर जोर

# कर्मचारियों की इंसेंटिव स्कीम का जल्द रिवीजन किया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा इंसेटिव स्कीम रिवाइज नहीं होने से कर्मचारियों को नुकसान हो रहा है। इसके लिए यूनियन ने दबाव बनाना शुरु कर दिया है। इंसेटिव स्कीम स्टील इंप्लाइज यूनियन इंटक के पदाधिकारियों की बैठक हुई। इंसेंटिव स्कीम का रिवीजन करने, खुर्सीपार गेट पर बंद गैलरी को खोलने एवं बोरिया गेट पर फोर व्हीलर के लिए नया गेट बनाने की मांग की गई। टाउनशिप में अभी तक नान फाइनेंशियल अवार्ड नहीं दिए जाने पर यूनियन नेताओं ने नाराजगी व्यक्त की। बैठक में उप महासचिव शिवशंकर सिंह ने कहा कि सेल के प्रॉफिट में सबसे अधिक योगदान बीएसपी का रहता है।आज भी हमारी बहुत पुरानी इंसेंटिव स्कीम चल रही है। जबकि 2005-06 में हमारी लेबर प्रोडक्टिविटी 285.1 थी। वही आज 2023-24 में हमारी लेबर प्रोडक्टिविटी 626.9 है। हमारी लेबर प्रोडक्टिविटी ढाई गुना हो चुकी है। इसे देखते हुए इंसेंटिव स्कीम का रिवीजन किया जाए एवं एक बेहतर इंसेंटिव स्कीम बनाया जाए ताकि कर्मचारियों को आर्थिक लाभ मिले।

### खुर्सीपार गेट की दूसरी गैलरी भी खोली जाए

उप महासचिव सी पी वर्मा ने कहा कि बहुत बड़ी संख्या में कर्मचारी एवं ठेका श्रमिक खुर्सीपार गेट से आते हैं लेकिन यहां एक ही गैलरी खुली रहती है दूसरी गैलरी को बंद रखा जाता है जिससे लंबी लाइन लग जाती है यहां सीआईएसएफ की संख्या बढ़ाई जाए एवं दूसरी गैलरी भी खोली जाए ताकि कर्मचारियों के ड्यूटी आने एवं जाने के समय यहां लंबी लाइन ना लगे। यूनियन के सचिव किशोर प्रधान ने कहा कि संयंत्र में कार से आने वाले कर्मचारियों की संख्या बढ़ती जा रही है ड्यूटी से छूटते समय बोरिया गेट पर बहुत लंबी लाइन लग जाती है इसे देखते हुए वहां पर फोर व्हीलर के लिए अलग से एक और गेट बनाया जाए।



### अभी तक नहीं दिया गया नान फाइनेंशियल अवार्ड

वरिष्ठ सचिव एवं टाउनशिप प्रभारी ज्ञानेंद्र पांडेय ने कहा कि नान - फाइनेंशियल अवार्ड की घोषणा हुए लगभग 6 महीने हो चुके हैं प्लांट के अधिकतर विभागों में यह अवार्ड दिया जा चुका है लेकिन टाउनशिप के कर्मचारियों को अभी तक नान-फाइनेंशियल अवार्ड नहीं दिया गया। इससे यहां के कर्मचारी प्रबंधन से काफी नाराज हैं। कर्मचारियों को जल्द नान - फाइनेंशियल स्कीम के तहत गिफ्ट दिया जाए। महासचिव वंश बहादुर सिंह टाउनशिप के नान फाइनेंशियल अवार्ड के संबंध में टाउनशिप के अधिकारियों से तुरंत चर्चा किये।

### यूनियन निकालेगी समाधान

बैठक मे महासचिव सिंह ने इंसेंटिव स्कीम के रिवीजन, बोरिया गेट पर फोर व्हीलर के लिए गेट बनाने एवं खुर्सीपार गेट पर गैलरी खोलने के संबंध में बीएसपी प्रबंधन से चर्चा कर समाधान निकालने का आश्वासन दिया। बैठक में महासचिव वंश बहादुर सिंह कार्यकारी अध्यक्ष पूरण वर्मा अतिरिक्त महासचिव शेखर कुमार शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष एस रवि उपाध्यक्ष रमेश तिवारी, डीजीएस रमाशंकर सिंह, सीपी वर्मा, शिव शंकर सिंह, अनिमेष पसीने, सहित जी आर सुमन, राजकुमार, ज्ञानेंद्र पांडेय, जीके अग्रवाल, के.रमन मूर्ति, रेशम राठौर, गुरुदेव साहू, किशोर प्रधान, गणेश सोनी, गोविंद राठौर, ललित साव, विंसेंट परेरा, राकेश तिवारी, डी शंकर, एसपी सिंह, रमेश पाल, ताम्रध्वज सिन्हा, जितेंद्र कुमार अग्रवाल, विजय विश्वकर्मा, सुरेश कुमार, अरविंद प्रताप सिंह आदि उपस्थित थे।



हरिभूमि लाइव

रायपुर, शुक्रवार 27 सितंबर 2024

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at - 9755819129

04



सीन ओ'प्री का जलवा

लाइव इवेंट

## जहां अतिथियों का आगमन नहीं होता, उस घर से भाग्य लक्ष्मी रूठी रहती है : सतीश मुनि



**भिलाई।** भक्ति जीवन का 12वां व्रत अतिथि संविभाग है। अतिथि का अर्थ है, जिसके आने की कोई तिथि तय नहीं हो। अतिथि का घर पधारना सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। इसलिए भारतीय संस्कृति में अतिथियों को देवताओं के समान माना गया है। आदर, सत्कार आदि किया जाता है, जिस घर में अतिथियों का आवागमन नहीं होता, उस घर की भाग्यलक्ष्मी रूठी हुई होती है। जैन संत रतन मुनि के सुशिष्य उप प्रवर्तक डॉ. सतीश मुनि ने धर्मसभा में उक्त बातें कहीं। फिलहाल वे देवकर में हैं, जहां वे जैन साधकों के लिए भक्ति का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो संविभान अर्थात समान रूप से विभाजन करके दान नहीं देता, वही मोक्ष को प्राप्त नहीं कर सकता है। अपनी कमाई में सब का हिस्सा होता है। उसे बराबर यथा शक्ति जो देता है, उसके घर कभी दुख दरिद्रता नहीं आ सकती है।

### दान के लिए चार बातों का जानना जरूरी

आचार्य श्री ने कहा कि दान हेतु चार बातों की आवश्यकता होती है। उचित समय, देय वस्तु शुद्ध हो, देने वाला भावना पवित्र हो, जिसे हमें दान कर रहे हैं, उसे लेने पात्र हो। पात्र को जो दान दिया जाता है, वह अनुकम्पा दान कहलाता है। जो दान नहीं देता उसे राजकीय कर्मचारी, अग्नि, चोर (तस्कर) आदि छीन झपट कर ले जाते हैं। अतः हम दान की महिमा को समझें, अपने शालीभद्र के जीव के पूर्व एवं वर्तमान भव का वर्णन करते हुए इसे स्पष्ट किया। सभा का मंच संचालन सुरेश बोरा एवं राजेंद्र बोरा ने किया। प्रारंभिक प्रवचन श्रृंखला की आदित्य मुनि ने भगवान महावीर की स्तुति की। शुक्ल मुनि ने स्तवन प्रस्तुत किया।

सिटी इवेंट

## स्वास्थ्य की देखभाल में एक फार्मासिस्ट की भूमिका सबसे अहम, इसे समझना जरूरी : डॉ. मूले



**कुम्हारी।** श्री रावतपुरा सरकार ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन कुम्हारी में विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर दो दिवसीय उत्सव की शुरुआत हुई। फॉर्मेसी के प्रिंसिपल डॉ. भूषण मूले ने स्वास्थ्य देखभाल में फार्मासिस्टों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। उनके शब्दों का छात्रों पर गहरा प्रभाव पड़ा। उन्होंने रोगी देखभाल, दवा प्रबंधन और स्वास्थ्य वकालत में फॉर्मासिस्ट की जिम्मेदारी पर जोर दिया। छात्रों के लघु वृत्तचित्र और भित्तिचित्र प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उन्होंने फार्मास्युटिकल क्षेत्र में निरंतर सीखने और नवाचार के महत्व पर भी जोर दिया। इसके बाद कैंपस निदेशक डॉ. प्रीति गुरनानी ने अपने भाषण में छात्रों को भविष्य के फार्मासिस्ट और स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों के रूप में जिम्मेदारी लेने और रोगी देखभाल में उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने पर जोर दिया।फार्मास्युटिकल केमिस्ट्री के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. देबर्षी कर महापात्रा को लगातार पांच वर्षों तक 2% विश्वव्यापी वैज्ञानिक मान्यता प्राप्त करने के लिए सम्मानित किया गया।

- विश्व फॉर्मासिस्ट दिवस पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

पहले दिन छात्रों ने लघु वृत्तचित्र और भित्तिचित्र प्रतियोगिता में भाग लिया। इसमें इस बात पर जोर दिया गया कि फार्मासिस्ट स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों के अभिन्न अंग हैं और पुरानी बीमारियों के प्रबंधन, दवा वितरण और रोगी शिक्षा में उनका योगदान कैसे है। कार्यक्रम का समन्वय संकाय सदस्यों दीपिका साहू, प्रतिभा साहू, विनीता, आंचल वर्मा और आस्था वर्मा द्वारा किया गया। इस सफल आयोजन के लिए रावतपुरा सरकार ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर एसएस बजाज व कैंपस डायरेक्टर डॉ. प्रीति गुरनानी ने सभी छात्रों व स्टाफ को शुभकामनाएं दी।

सिटी इवेंट

## ईश्वरी वर्मा निर्विरोध राजप्रधान निर्वाचित



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज में केन्द्रीय अध्यक्ष और दस राजों के सातराज में राजप्रधान का चुनाव प्रजातांत्रिक प्रणाली से गांव और नगर में हुआ। इसमें धमधा राज और बलौदाबाजार राज में राजप्रधान पद महिलाओं के लिए आरक्षित है। नरदहा-रायपुर के अनंत राम बर्छिहा ने बहुउद्देशीय सामाजिक भवन में नामांकन दाखिल किया। वहीं दुर्ग राज के लिए ईश्वरी वर्मा ने नामांकन दाखिल किया था। प्रतिद्वंद्वी नहीं होने पर छ ग मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज, दुर्ग-राज के निर्विरोध राजप्रधान निर्वाचित हुए हैं। निर्विरोध राजप्रधान निर्वाचित होने पर कार्यवाहक राजप्रधान दुलारी वर्मा, बिसौहाराम मढरिया, अनिता वर्मा, चन्द्र कुमार वर्मा, देवप्रसाद वर्मा, रमाशंकर वर्मा, जनक वर्मा, राजेश वर्मा, उत्तम वर्मा, महेंद्र वर्मा, भगवतीचरण मढरिया, योगेन्द्र वर्मा, रोशन वर्मा, कौशल वर्मा, खूबचंद वर्मा, प्रहलाद वर्मा, दिनेश वर्मा, पीलाराम वर्मा, राकेश धुरंधर, सुधीर खिचरिया, खिलेश वर्मा ने बधाई दी है।

विश्व पर्यटन दिवस आज : प्राचीन प्रतिमाओं और मंदिरों के अवशेषों से भरा पड़ा हमारा शहर, सबसे प्राचीन प्रतिमा नाग का जोड़ा

# दुर्ग का इतिहास 7 हजार साल पुराना, बघेरा में मिली थी कब्र 2600 साल पहले बसा गांव, 8वीं शताब्दी तक शिवदुर्ग थे राजा

छत्तीसगढ़ के प्रमुख शहरों में से एक दुर्ग का अपना एक अलग इतिहास है। पुरातत्व विदों का दावा है कि इस शहर की बसाहट 7 हजार साल पहले शुरू हुई। बघेरा सरकारी स्कूल में 2013 में मिली कब्र की कार्बन डेटिंग से इसका खुलासा हुआ है। इतना ही नहीं दुर्ग शहर का नाम शिवदुर्ग नामक राजा के नाम पर पड़ा, जो कि वीं शताब्दी के आसपास थे। इस प्रकार 2600 साल पहले ही दुर्ग एक गांव का रूप ले चुका था। धीरे-धीरे एक समृद्धशाली शहर के रूप में यह विकसित हुआ। आज भी शहर में सैकड़ों-हजारों साल पुराने शीलालेख, ताम्रपत्र, मंदिर और प्रतिमाएं दुर्ग के समृद्धशाही इतिहास को प्रमाणित कर रही है।



अतुल अग्रवाल ⏭ दुर्ग

दुर्ग शहर में छातागढ़ मोहलाई, किल्ला मंदिर, शिव मंदिर, बड़े मठ, भंगड़देव मंदिर से शुरू होकर डोंगिया तालाब, खाम तरिया, हरनाबांधा, पोलसायपारा, नया बस स्टैंड, उतई टेम्पो स्टैंड से गंजपारा होते हुए पुनछ भंगड़देव तक कई जगहों पर टीले और परकोटा होने के साक्ष्य मिलते रहे हैं। किल्ला मंदिर में मिली सुरंग के हमेशा से छातागढ़ में खुलने की बाते सामने आते रही हैं। पुराने लोगों में गंजपारा निवासी कुंजीलाल चाटक ने पुरातत्व विद अरुण गुप्ता को बताया था कि छातागढ़ में कई दीवार ढहे, इससे अनुमान भी लगाया गया कि यहां एक सुरंग है, लेकिन किसी ने इस दिशा में प्रयास ही नहीं किया कि आखिर किल्ला मंदिर की सुरंग जाती कहां हैं। बाद में किल्ला मंदिर की सुरंग को भी बंद कर दिया गया। इसके अलावा तकियापार स्थित महावीर हनुमान मंदिर में रखी गई दो नागों की प्रतिमा को अब तक ज्ञात सबसे पुरानी प्रतिमा बताया गया है। बताया जाता है कि यह उस समय की है, जब शहर बसा भी नहीं था। एक पीपल के पेड़ के नीचे यह प्रतिमा स्थापित थी, जिसे बात में मंदिर में रख दिया गया। ऐसे कई और भी साक्ष्य हैं, जो यह बताने के लिए काफी है कि दुर्ग एक पुराना कज्बा था, लेकिन यहां मिले अवशेषों की उचित देखरेख नहीं होने से धीरे-धीरे यह मिटते गए।

### परकोटा को समझिए, जिसके आसपास थे सिर्फ तालाब

दुर्ग के पुराने जानकार बताते हैं कि 1400 साल पहले तक दुर्ग के आसपास एक परकोटा था, जिसके आसपास खाई और तालाब थे। चार-चार अलग द्वार थे, जिन्हें, उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम द्वार नाम दिया गया था। इन रास्तों से ही दुर्ग में प्रवेश किया जा सकता था। इतना ही नहीं इसके अंदर भी एक टीला फैला था, जिसके अंदर बाजार करता था। परकोटा नयापारा में भंगड़देव मंदिर से शुरू होकर डोंगिया तालाब, खाम तालाब, हरनाबांधा, वर्तमान के तकियापार, पोलसायपारा, नया बस स्टैंड, उतई टेम्पो स्टैंड, गंजपारा, सत्तीचौरा, सिद्धार्थ नगर होते हुए पुनः भंगड़देव मंदिर तक फैला हुआ था। इसके अंदर गोंड़पारा, बरईपारा, सदरबाजार, ढीमरपारा, शिवपारा होते हुए एक टीला था, जिसके अवशेष आज भी नजर आते हैं।









### मिले इन अवशेषों से दुर्ग के समृद्धशाली इतिहास का प्रमाण

भंगरदेव मंदिर, जिसमें भगवान विष्णु की प्रतिमा स्थापित है। इसे कई लोग भगवान महावीर स्वामी की भी प्रतिमा बताते हैं। प्रतिमा बुद्धकाल की बताई गई है। नवा तालाब का दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर। माना जाता है कि पहले घने जंगलो के बीच यह मंदिर थी। तब बहुत कम लोग यहां आते थे। चंडी, शिव और राम मंदिर। राम मंदिर जिसे आज बड़े मठ के नाम से जाना जाता है। यहां की नक्काशी, मिले ताम्रपत्र कई साक्ष्य दे रहे हैं। 600 साल पहले इटालियन पत्थरों की कारीगरी मंदिर में सहज की लोगों का ध्यान खींचती है। मंदिर का इतिहास 1 हजार साल से ज्यादा पुराना बताया गया है।

तहसील कार्यालय के पास जेल हनुमान मंदिर और जेल भी काफी पुरानी है। इसके अलावा किला मंदिर तमेरपारा, लक्ष्मीनारायण मंदिर पोलसाय पारा, लंगूरवीर मंदिर शनिचरी बाजार, ठाकुरदेव कचना घुरवा देवालय, सतरूपा शीतला मंदिर सिविल लाईन काफी मंदिरों में से हैं। आमदी मंदिर का बाउली आज भी पुरातत्व विभाग के लिए रहस्य बनी हुई है। इसके अलावा समय-समय पर चंडी मंदिर की खुदाने में मिले अवशेष भी दुर्ग शहर के समृद्ध इतिहास को प्रमाणित करते रहे हैं।





### सबसे पुरानी कब्र और नाग-नागिन का जोड़ा सबसे पुराना



पुरातत्व विद और दुर्ग शहर के इतिहास के जानकार अरुण गुप्ता बताते हैं कि पुरात्व विभाग ने समय-समय पर दुर्ग के अवशेषों पर रिसर्च किए। इसमें बघेरा की कब्र और तकियापारा में स्थित नाग-नागिन के जोड़े की प्रतिमा सबसे पुरानी है। कब्र का इतिहास तो 7 हजार से ज्यादा पुराना है। इसके अलावा चंडी मंदिर की खुदाई में मिले अवशेष, राम मंदिर की नागा गद्दी का इतिहास, छातागढ़ मंदिर, किल्ला मंदिर की सुरंग, आमदी मंदिर की बाउली, गोंड़ पारा, बैगापारा का टीला, परकोटा, शिव मंदिर में मिले मेगालिस पिलर बहुत कुछ कहते हैं, बस इसे समझने की जरुरत है। शासन-प्रशासन को चाहिए, इन्हें सहेजे। संग्रहालय बनाकर संरक्षित करे, ताकि हमारे बाद के लोग हमारी इस धरोहर को जान सकें। दूसरे लोग भी हमारी संस्कृति, सभ्यता और इतिहास को समझ सकें।

# 3डी प्रिंटिंग के लिए स्मार्ट इंक तैयार

**भिलाई।** 3डी प्रिंटिंग इंक जेल विभिन्न उद्योगों में क्रांति ला रहा है, जिससे जटिल, अनुकूलित संरचनाओं का निर्माण सटीकता और दक्षता के साथ संभव हो रहा है। यह अभिनव सामग्री विशेष पॉलिमर और एडिटिव्स से बनी है, जो इसे ठोस वस्तुओं को

बनाने के लिए परत दर परत बाहर निकालने की अनुमति देती है। आईआईटी के अधिकारियों ने बताया कि जिस तरह कैंसर में कोशिकाओं की अनियंत्रित वृद्धि शामिल होती है, उसी तरह 3डी प्रिंटिंग इंक जेल को सावधानीपूर्वक तैयार किया जाना चाहिए, ताकि मुद्रित संरचनाओं के




आकार, ताकत और स्थिरता पर नियंत्रण बनाए रखा जा सके। जेल के अद्वितीय गुण, जैसे इसकी चिपचिपाहट और जल्दी से सख्त होने की क्षमता, इसे स्वास्थ्य सेवा, एयरोस्पेस और निर्माण जैसे क्षेत्रों में अनुप्रयोगों के लिए आदर्श बनाती है। इन

इंक जेल का निरंतर विकास महत्वपूर्ण है, क्योंकि वे अधिक जटिल और टिकाऊ वस्तुओं के उत्पादन की अनुमति देते हैं,

अंततः लागत कम करते हैं और तेजी से प्रोटोटाइपिंग को सक्षम करते हैं। आईआईटी भिलाई के शोधकर्ताओं ने रसायन विज्ञान विभाग के डॉ. संजीब बनर्जी के नेतृत्व में 3डी प्रिंटिंग के लिए स्मार्ट इंजेक्टेबल इंक मटेरियल विकसित किया है। यह मटेरियल एक सरल और लागत प्रभावी उद्योग-अनुकूल प्रक्रिया के माध्यम से विकसित किया गया है। लागत प्रभावी 3डी प्रिंटिंग स्याही के उत्पादन को सक्षम बनाता है।

## आर्य नगर में 3.99 लाख रुपए से बनेगा रंगमंच, होंगे सांस्कृतिक आयोजन

**दुर्ग।** आर्य नगर स्थित राधा कृष्ण मंदिर के पास राजीव बाल उद्यान में 3.99 लाख रुपए की लागत से रंगमंच का निर्माण किया जाएगा। इसकी प्रशासनिक स्वीकृति जारी कर दी गई है। जल्द ही इसका काम शुरू होगा। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजनांतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए इस कार्य के लिए प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। पूर्व सांसद सुनील कुमार सोनी की अनुशंसा पर यह कार्य स्वीकृत किया गया है। कार्य के लिए दुर्ग निगम को अधिकृत किया गया है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पालिका निगम दुर्ग में राजीव बाल उद्यान आर्य नगर श्री राधा कृष्ण मंदिर के पास रंगमंच निर्माण हेतु 3 लाख 99 हजार 577 रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

- प्रशासनिक स्वीकृति मिली, जल्द शुरू होगा काम

50 एकड़ में फैला है ठगड़ाबांध पार्क, कलफुल लाइटिंग, आकर्षक पेंटिंग लोगों को खूब पसंद आ रही

# सैर-सपाटे के लिए ठगड़ा बांध तैयार, चंद्रयान, म्यूजिकल फाउंटेन, बोटिंग कराएगी मौज-मस्ती, नवरात्र से ट्रेम्पलिंग पार्क की शुरुआत

कार्नर न्यूज

**दुर्ग।** 50 एकड़ में फैले ठगड़ा बांध में एक बार फिर रंग भरा जा रहा है। गर्मी और बारिश के दिनों में उजाड़ जैसे नजर आने वाला ठगड़ा बांध एक बार फिर पर्यटकों के लिए गुलजार होने जा रहा है। नवरात्र की शुरुआत 3 अक्टूबर से हो रही है। इस दिन से ठगड़ा बांध में ट्रेम्पलिंग पार्क की शुरुआत की सुविधा भी शुरू होने जा रही है। बच्चों के लिए इसे खासा आकर्षक रूप दिया जा रहा है। पहले बार आधुनिक संसाधनों से युक्त ट्रेम्पलिंग पार्क शुरू किया जा रहा है। इससे पहले ठगड़ा बांध में म्यूजिकल फाउंटेन, चंद्रयान-2, बोटिंग, कलरफुल पेंटिंग, उकेरी गईं छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति से जुड़ी प्रतिमाएं यहां आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं।

गर्मी में जल स्तर कम होने के बाद से सैलानियों का पहुंचना कम हो गया था, लेकिन रोप लाइटिंग सुधार के साथ ही एक बार फिर यहां पर्यटकों का पहुंचना शुरू हो गया है। ठगड़ा बांध का संचालन कर रहे प्रवीण चंद्राकर ने बताया कि ठगड़ा बांध को एक फिर से सजाया जा रहा है, ताकि ठंड के दिनों में लोग यहां घूमने के लिए आएं।

### इस नवरात्र तीन दिनों तक गरबे का भी आयोजन होगा



### दुर्ग-भिलाई में पिकनिक स्पॉट के रूप में मिली पहचान

50 एकड़ में फैले इस गार्डन के चारों तरफ पाथवे बनाया गया है। हरे-भरे वातरण के बीच आयलैंड जहां पहुंचकर समय बिताना लोगों को खूब भा रहा है। यहां बोटिंग की सुविधा भी दी गई है। बच्चों के लिए प्ले एरिया, गार्डन, मल्टीपर्पस हाल, वॉटर व्यू प्वाइंट बनाया गया है। साथ ही इसरो के चंद्रयान-2 के मॉडल को भी यहां प्रदर्शित किया गया है। बीच में इसमें कुछ खराबी आ गई थी, लेकिन बाद में सुधार कार्य किया गया। फिलहाल मेंटेनेंस का काम चल रहा है, जल्द ही इसे भी पूरा किया जाना है।

### 16 करोड़ की स्वीकृति, 8 करोड़ से ज्यादा खर्च हो चुके

जानकारी के मुताबिक ठगड़ा बांध के सौंदर्यीकरण के लिए शासन से करीब 16 करोड़ रुपए ने स्वीकृति प्रदान की है। इसमें 8 करोड़ से ज्यादा की राशि खर्च की जा चुकी है। इसके अलावा 4 करोड़ रुपए निगम व करीब डेढ़ करोड़ रुपए डीएमएफ से जुटाए गए हैं। शेष राशि नहीं मिलने से ठगड़ा बांध का सौंदर्यीकरण अटका हुआ है। हालांकि निगम ने इसे एक एजेंसी के सुपुर्द किया है, वही इसकी देखरेख कर रही है।

निगम के अधिकारियों ने बताया कि बांध के करीब ही नया ओपन एयर थिएटर प्रस्तावित किया गया है। बर्ड डे, सालगिरह सेलिब्रेट करने मल्टीपर्पस हॉल का निर्माण होना है। एक्युप्रेशर वॉक-वे, ताकि लोग एक्सरसाइज कर सकें। छत्तीसगढ़ का परंपरागत खेल के लिए झूले व अन्य उपकरण। औषधीय उद्यान तैयार किया जाना है। फिलहाल पेड़-पौधों को तैयार करने और सजावट का कार्य किया जा रहा है। बता दें कि पिछले साल बड़ी संख्या में लोग ठगड़ा बांध पहुंचे थे।

## सिटी इवेंट

# निःशुल्क रक्तदान व जांच शिविर का किया आयोजन




**भिलाई।** कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई द्वारा निशुल्क रक्त जांच एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 215 विद्यार्थियों, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने निशुल्क रक्त जांच कराई एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों तथा महाविद्यालय के अन्य विद्यार्थियों द्वारा कुल मिलाकर 45 यूनिट रक्तदान किया गया। जिसे गरीबों एवं जरूरतमंद लोगों को दिया जाएगा। इस रक्तदान शिविर का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ अनिर्बन चौधरी ने किया।



## सिटी लाइव

# उत्कृष्ट कार्य लिए अभिजीत को मिला बंगला गौरव सम्मान




**भिलाई।** सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा कार्य के लिए वेस्ट बंगाल में वर्ल्ड बुक्स ऑफ रिकार्ड द्वारा आयोजित बंगला गौरव सम्मान 2024, नेता जी सुभाष चंद्र बोस प्राइड से दुर्ग के अभिजीत पारख को सम्मानित किया गया। पिछले 10 वर्षों से लगातार सभी बच्चों एवं जरूरतमदों की मदद करने में अभिजीत पारख लगे हुए है, इनके माध्यम से अभी तक लगभग 900 परिवारों और 4600 बच्चों की मदद की जा चुकी है। जरुरतमंद बच्चों के साथ मनाते है त्यौहारअभिजीत की संस्था डोनेट थोड़ा सा- एक दिन उनके नाम के अंतर्गत कई सेवा कार्य जिसमें दंत चिकित्सा और निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, प्रतिदिन 200 रोटी गायों को खिलाते हुए 490 दिनों से लगातार यह सेवा चल रही हैं, साथ ही रक्तदान के लिए शिविर लगाने, रक्तदान के लिए प्रेरित करने, बच्चों की शिक्षा के लिए किताबें और जरूरत की सामग्री उपलब्ध कराना, समय समय पर बच्चों को नए कपड़े और फल दिया जाता हैं। हर महीने बच्चों के साथ बर्थडे और अपने जीवन के खास पलों को सेलिब्रेट करने सहित अन्य कार्य किये जाते है। अभिजीत को इसके पहले गोवा, प्रतिभा सम्मान दिल्ली, छत्तीसगढ़ महतारी सम्मान, मानवता रत्न, राष्ट्रीय रत्न सम्मान, एशियन प्राइड, कर्मा वीर सम्मान, नेताजी सुभाषचंद्र बोस रक्त दाता स्वार्थ समिति द्वारा सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है। डोनेट थोड़ा से संस्था बच्चों के साथ होली, दीवाली, बालदिवस, रक्षाबंधन, जैसे सभी बड़े त्यौहार बच्चों की खुशियों को बढ़ाने के लिए उनके साथ मानते है। अभिजीत ने बताया कि संस्था द्वारा कोशिश रहती है कि जरूरतमंद बच्चों को शिक्षित कर उनको सबलता प्रदान कर सकें। इस बार भी संस्था 26 अक्टूबर को 500 जरूरतमंद बच्चो के साथ मिलकर खुशियों की दीपावली भी बनाने वाली है।

## समाज इवेंट

# पितृ पक्ष की अष्टमी को लगाया मीठे व्यंजनों का भोग, की पूजा



**भिलाई।** पितृ पक्ष की अष्टमी को सिन्धी समाज का पौराणिक महालक्ष्मी पर्व साईं झूलेलाल धाम 32 एकड़ हाऊसिंग बोर्ड भिलाई में मनाया गया। पर्व की पौराणिक कथाएं सुनकर, रक्षासूत्र (सगड़े) बांधकर घर के सदस्यों की संख्या के अनुसार दीप जलाएं गए। साथ ही विभिन्न व्यंजनों का भोग लगाकर विश्व में कल्याण की प्रार्थना की गई। सिंधी समाज ने इस दिन को सामाजिक प्रथा के अनुरूप महालक्ष्मी पर्व के रूप में मनाया। इस दिन समाज की महिलायें अपने घर के सभी सदस्यों के हाथों में राधाष्टमी के दिन से बांधे हुए रक्षा सूत्र को पीतर पक्ष की अष्टमी तिथि पर खोलकर सोरी (मीठे पकवान) में बांधकर, घर के सदस्यों की संख्या अनुसार दीप जलाकर आरती की। साथ ही महिलाएं मीठे पकवान बनाकर कथा सुनने शाम को मंदिर पहुंची थी। इस दिन के बाद से ही समाज के लोग पर्वों की शुरुआत होने का आधार मानते हैं और माता महालक्ष्मी के आर्शीवाद द्वारा ही अपने जीवन में धन, सम्पदा, सुख, शांति का वर प्राप्त करते हैं। इस आयोजन में समाज की ओर से आदर्श सिंध ब्रादर मंडल के सदस्यों के साथ साईं झूलेलाल धाम महिला मंडली की अनेकों महिलाएं उपस्थित थी।



---

## फील परमार्थम में विद्यार्थियों के छलक आए आंसू, बुजुर्गों में दिखा वात्सल्य

# बेसहारों की सेवा करने का बच्चों ने लिया संकल्प बुजुर्गों को देख आंखें हुई नम, वितरित किए सामान

**भिलाई।** पीएम श्री योजना के तहत सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रम का केंद्रीय विद्यालय दुर्ग द्वारा आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत फील परमार्थम फाउंडेशन सेक्टर 3 पहुंच कर केंद्रीय विद्यालय दुर्ग के 210 छात्रों ने सामुदायिक समाज सेवा के इस मॉडल को देखा। कार्यक्रम के प्रभारी डॉ अजय आर्य ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया शिक्षा तभी सफल है जब वह संवेदनाओं को विकसित कर सके। केंद्रीय विद्यालय इस बात पर विश्वास करता है कि प्रेम, करुणा, सद्भाव ही मानव की असली पूंजी है। इस तरह के कार्यक्रमों का की आयोजन का उद्देश्य भी यही है कि छात्र अपने जीवन मूल्यों में समुदायिकता तथा सामाजिक कर्तव्य की भावना को आत्मसात कर सकें।

### मनुष्य वही है, जो दूसरों का सहयोग करेः मिश्र

प्राचार्य उमाशंकर मिश्र ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि भावना शून्य मनुष्य का जीवन निरर्थक है। मनुष्य वही है जो सद्भावनाओं के साथ सभी की उन्नति की कामना करें। हमारी प्रार्थना भी सर्वे भवंतु सुखिनः से आरंभ होती है।



बेसहारों की सेवा करने का बच्चों ने लिया संकल्प

### केंद्रीय विद्यालय ने किया सहयोग



केंद्रीय विद्यालय द्वारा विजिट के दौरान संस्था को जरुरत के सामान में एक कार्टून डायपर, 50 किलो आटा, चावल, टूथपेस्ट, टूथब्रश, बिस्कुट के पैकेट नमकीन एवं मीठे, लाइट नमकीन, साबुन वितरित किये गए। इस अवसर पर केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य उमाशंकर मिश्र, पुष्पा बड़ा, उषा शर्मा, तरुणा संकरी, सतविंदर कौर, पुरुषोत्तम साहू, जीबी मराठे, एम ए नंदनवार, नीता दास, गणेश ओझा, तोषन लाल साहू, तरुणा संकरी, गीता माली, नितिन, नीता दास, अमित और ने बीएसएफ के कमांडेंट अभिजीत सिंह का विशेष सहयोग रहा।

### संस्था में रह रहे 73 बुजुर्ग 32 की हुई घर वापसी



फील परमार्थ संस्था सड़कों पर रह रहे बेसहारा बुजुर्ग एवं मानसिक रूप से विक्षिप्त लोगों को यह संस्था नया जीवन देती है। संस्था के संचालक अमित राज ने जानकारी देते हुए बताया कि पहले रात्रि में बेसहारा बुजुर्गों को भोजन बांटते थे। उस दौरान उन्होंने बुजुर्गों का शोषण देखा और कई लोगों की मौत भी देखी। तब यह लगा कि सिर्फ भोजन इनके जीवन की आवश्यकता नहीं है।वर्तमान में फील परमार्थम फाउंडेशन में 73 बुजुर्ग रह रहे हैं जिसमें स्त्री और पुरुष दोनों शामिल हैं। संस्था की मदद से 32 लोगों की घर वापसी हुई है। बुजुर्गों के घर वालों को ढूंढ कर उनसे संपर्क करके बुजुर्गों को सौंपा गया है। 25 बुजुर्गों का यहां रहते हुए देहांत हुआ जिनका अंतिम संस्कार अमित द्वारा किया गया।

### संस्था में युवा टीम वर्क से करते है कार्य

इस दौरान बच्चों को जानकारी देते हुए बताया गया कि संस्था के सभी सदस्य एक टीम के रूप में कार्य करते हैं। संस्था स्वयं की गाड़ी से बुजुर्गों का रेस्क्यू कर फील परमार्थ लेकर आती है। इस कार्य में अमित राज, लकी, लक्ष्मी, संदीप, पारुल, अजय मंडल, अजय चौधरी, जे वेणु राधेश्याम, अमन नैय्यर मयंक शिंदे, गणेश सिंह, संध्या यादव, शैल यादव, कृष्णा सुनीता साहू सहित अन्य सामाजिक जनों का सहयोग मिलता है।

### बच्चों व शिक्षकों की आंखे हुई नम

स्कूल के विद्यार्थियों ने संस्था में प्रवेश करते हुए चिकित्सकों एवं नर्सो द्वारा बुजुर्गों की सेवा करते देखा जिसमें कुछ बुजुर्ग बोलने में बिल्कुल असक्षम थे। वृद्धजनों की स्थिति एवं परेशानी देखकर बहुत से विद्यार्थियों के आंखों में आंसू आ गए। कुछ छात्राएं रोने भी लगी। बच्चों को देखकर कुछ बुजुर्गों की ममता फूट पड़ी। कुछ शिक्षकों की भी आंखें नम हो गई थी। स्थिति को देख छात्र-छात्राओं ने यह संकल्प लिया कि वह बुजुर्गों की सेवा करेंगे और उनके घर के बुजुर्गों को कभी बेसहारा नहीं होने देंगे।

---

## स्नेह सम्मेलन 2024

# मिस्टर और मिसेस मुस्कान प्रतियोगिता में बिखेरी खुशियां




**भिलाई।** सामाजिक संस्था मुस्कान मित्र फाउन्डेशन का स्नेह सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन दुर्ग में किया गया। संस्था द्वारा मिस्टर मुस्कान एवं मिसेस मुस्कान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान फाउन्डेशन के सदस्यों ने एकल एवं समूह नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक गजेन्द्र यादव थे। श्री यादव ने मुस्कान मित्र फाउन्डेशन प्रतिदिन स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करने चलाये जा रहे एरोबिक्स एवं योगा कार्यक्रम की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन रचना चन्द्राकर, सोनल सिन्हा एवं योगेश पांडे द्वारा किया गया।

**नृत्यों में दिया सामाजिक समरसता का संदेश**

### यह रहे विजेता

स्नेह सम्मेलन का प्रमुख आकर्षण मुस्कान फ्रेंड्स ग्रुप के सदस्यों द्वारा समूह नृत्य का प्रदर्शन रहा। जिसमें समाज में प्रत्येक वर्ग के मध्य सामाजिक समरसता स्थापित करने के लिए एकता बनाये रखने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के एकल नृत्य में प्रथम दीप कन्नौजे एवं माया कौशल तथा समूह नृत्य में प्रथम कृष्णा ग्रुप एवं द्वितीय प्रिंस प्रसन्ना ग्रुप रहे। मिस्टर मुस्कान प्रथम अजय तिवारी एवं मिसेस मुस्कान पुष्पा साहू को मिला। कार्यक्रम में निर्णायक ज्योति तन्ना, व्ही. जया एवं नूतन देशमुख उपस्थित थे। कार्यक्रम की रूपरेखा एवं समस्त प्रभार महिलाओं के समूह द्वारा किया गया था। जिसमें प्रमुख रुप से सुषमा गुप्ता, प्रीति गुप्ता, रचना चन्द्राकर, संजू श्रीवास्तव, उमा महाशब्दे का सहयोग रहा। मुस्कान मित्र फाउन्डेशन के अध्यक्ष अरूण मिश्रा, उपाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण ताम्रकार, सचिव राजेश गुप्ता, सह सचिव महेश सिन्हा, कोषाध्यक्ष कौशलेन्द्र गुप्ता एवं कार्यकारिणी सदस्य चन्द्रभूषण साहू, राजेश वर्मा, अनुप यादव, मनोज साहू, हितेन्द्र मिश्रा, केशव साहू, गोवर्धन पाहुजा, चन्द्रहास श्रीवास्तव, उमेश देवांगन सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

## विश्व फार्मासिस्ट दिवस

# फार्मा क्विज और स्लोगन स्पर्धा से बढ़ाई जागरुकता




**भिलाई।** विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित कर फार्मा क्विज के माध्यम से विद्यार्थियों में फार्मेसी के बारे में जागरूकता पैदा की गई। नंदिनी स्थित श्री सांई फार्मेसी महाविद्यालय में आयोजित फार्मेसी काउंसिल ऑफ़ इंडिया नई दिल्ली द्वारा कार्यक्रम संपन्न हुआ।

इस दिवस के आयोजन आयोजन में मुख्य रूप से विद्यार्थियों द्वारा लोगो और स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित कर फार्मा क्विज के माध्यम से विद्यार्थियों में दिवस के बारे में जागरूकता बढ़ाई गई और आसपास के मेडिकल क्षेत्र में भी पंपलेट आदि वितरण कर आमजनों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

महाविद्यालय की विभागाध्यक्ष तिलस्मी बघेल ने विजेता विद्यार्थियों को वार्षिकोत्सव में पुरस्कृत करने की घोषणा की और डॉक्टर प्रवीण विश्वकर्मा तथा डॉक्टर भूपेंद्र चंद्राकर ने विद्यार्थियों को फार्मासिस्ट दिवस पर प्रोत्साहित करते हुए इस दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला।

डॉ भूपेंद्र ने इस वर्ष की थीम वैश्विक स्वास्थ्य आवश्यकताओं को पूरा करने वाले फार्मासिस्ट के बारे में बताते हुए कहा कि जेनेरिक दवाओं के बारे में, रोगी परामर्श, नशीली दावों के उपयोग में कमी तथा वर्तमान में अच्छे दवा निर्माताओं की भूमिका आदि बिंदुओं पर फार्मासिस्ट को जागरूक रहने की आवश्यकता है। इस आयोजन में विभाग की व्याख्याता अमित दीक्षित, प्रीति मलिक, बीरेंद्र साहू, बीरेंद्र सिंह तथा प्रशासक रितेश श्रीवास्तव, कार्यालय प्रभारी के के प्रसाद, लाइब्रेरी प्रभारी मोहन कुमार की विशेष भूमिका रही।

**श्री साईं फार्मेसी महाविद्यालय का आयोजन**

---

## कला मंदिर में अभा हास्य व्यंग्य कवि सम्मेलन में श्रोता हुए लोटपोट

# कवि सम्मेलन में हास्य के बिखेरे नए रंग, समाज के वैचारिक बिन्दुओं और वर्तमान तथ्यों पर दी प्रस्तुति

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीडा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग द्वारा महात्मा गाँधी कला मंदिर, सिविक सेंटर में अखिल भारतीय हास्य व्यंग्य कवि सम्मलेन का आयोजन किया गया। आयोजन में नई दिल्ली से अंतर्राष्ट्रीय हास्य-व्यंग्य कवि अरुण जैमिनी व हास्य-व्यंग्य कवि चिराग जैन तथा भिलाई के गीतकार किशोर तिवारी ने अपने हास्य-व्यंग्य व संवेदी कविताओं की छठा बिखेरकर इस्पात बिरादरी को मंत्रमुग्ध कर दिया।कार्यक्रम में विशेष अतिथि बीएसपी के कार्यपालक निदेशक प्रोजेक्ट्स एस मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक खदान विपिन कुमार गिरी ने कवियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। राजभाषा विभाग के जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने राजभाषा पखवाड़े पर प्रकाश डाला।






### अपने-अपने अंदाजों में किया काव्य पाठ

आयोजन में हास्य के नए रंग बिखेरते हुए समाज के वैचारिक बिन्दुओं तथा वर्तमान तथ्यों पर आधारित काव्य प्रस्तुत किये। इस दौरान अपनी अद्भुत हास्य-व्यंग्य शैली से अरुण जैमिनी ने व्यंग्य विधा को नया आयाम प्रदान करते हुए घटनाओं के सूक्ष्म आंकलन, शब्दों का चयन, तथ्यों की मार्मिकता को अपने विशेष अंदाज में प्रस्तुत कर लोगो को मोहित कर दिया। वहीं चिराग जैन ने प्रेम व मानवीय संबंधों पर अपनी पैनी शैली का परिचय देते हुए वातावरण को सरस बनाया। इसके साथ ही संयंत्रकर्मी व गीतकार किशोर तिवारी ने श्रोताओं के समक्ष अपने मार्मिक गीतों का अभिनव जगत प्रस्तुत किया। इस अखिल भारतीय हास्य व्यंग्य कवि सम्मेलन का आयोजन क्रीडा सांस्कृतिक व नागरिक सुविधाएँ विभाग के महाप्रबंधक विजय कुमार शर्मा तथा उप महाप्रबंधक सहीराम जाखड़ के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुप्रियो सेन व समन्वय उप प्रबंधक अभिजीत भौमिक और प्रभंजय चतुर्वेदी व दुष्यंत हरमुख ने किया।

## सिटी स्पोर्ट्स

### द्वितीय छत्तीसगढ़ राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता आज से



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ द्वारा कोटक महिंद्रा बैंक के सहयोग से ₹द्वितीय छत्तीसगढ़ राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता-2024 का आयोजन 27 से 29 सितंबर तक सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल, बुढ़ापारा, रायपुर में किया जाएगा। आयोजन सचिव विनय बैसवाड़े ने बताया कि प्रतियोगिता में एकल इवेंट्स में सीनियर पुरुष एकल, सीनियर महिला एकल, यूथ अंडर-19 (यूथ) बालक एकल, यूथ अंडर-19 (यूथ) बालिका एकल, यूथ अंडर-17 (जुनियर) बालक एकल,यूथ अंडर-17 (जूनियर) बालिका एकल, यूथ अंडर-15 (सब जूनियर) बालक एकल, यूथ अंडर-15 (सब जूनियर) बालिका एकल,यूथ अंडर-13 (कैडेट) बालक एकल, यूथ अंडर-13 (कैडेट) बालिका एकल, यूथ अंडर-11 ( होप्स) बालक एकल तथा यूथ अंडर-11 ( होप्स) बालिका एकल हेतु कुल मिलाकर 12 वर्गों में आयोजित की जा रही है। जिसमें 27 सितंबर को यूथ अंडर-19 (यूथ) एवं यूथ अंडर-13 (कैडेट) एकल वर्ग (बालक/बालिका), 28 सितंबर को सीनियर (पुरुष/महिला) एवं यूथ अंडर-11 (होप्स) एकल वर्ग (बालक/बालिका) तथा 29 सितंबर को यूथ अंडर-17 (जूनियर ) एवं यूथ अंडर-15 (सब जूनियर) एकल वर्ग (बालक/बालिका) की प्रतियोगिता होगी।

प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों से कुल 200 पुरुष/बालक एवं महिला/बालिका खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। जिसमें 27 सितंबर को सुबह 10.00 बजे से यूथ अंडर -19 (यूथ) बालक एवं बालिका एकल वर्ग एवं यूथ अंडर-13 (कैडेट) बालक एवं बालिका एकल वर्ग के मैच खेले जायेंगे। जिसके समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि नगर पालिका निगम रायपुर के एम.आई.सी सदस्य एवं अध्यक्ष पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग तथा छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेश चन्नावार होंगे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जीवन बीमा निगम से आर.डी.आई.ई.यू. के महासचिव सुरेन्द्र शर्मा करेंगे। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक पी.एन. मजूमदार तथा सहायक मुख्य निर्णायक प्रवीण निरापुरे एवं भूपेंद्र सिंह राजवंशी हैं।

### टेबल टेनिस में समूचे छत्तीसगढ़ से पॉवर कंपनी के कर्मी दिखा रहे जोर



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज की कला एवं क्रीड़ा परिषद के तत्वावधान में अंतरक्षेत्रीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का शुभारंभ गुरुवार को डंगनिया मुख्यालय में हुआ। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक भीमसिंह कंवर थे। पॉवर कंपनी मुख्यालय में 28 सितंबर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में प्रदेशभर के आठ क्षेत्रीय टीमें हिस्सा ले रही हैं। इसमें दुर्ग, जगदलपुर, बिलासपुर, कोरबा पूर्व, कोरबा पश्चिम, मड़वा के साथ रायपुर सेंट्रल व रायपुर रीजन की टीम शामिल हैं। उद्घाटन समारोह में परिषद के महासचिव कार्यपालक निदेशक एमएस चौहान, कार्यपालक निदेशक केएस मनोठिया, कार्यपालक निदेशक जेएस नेताम, अधीक्षण अभियंता मनोज वर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे। प्रतियोगिता में सेंट्रल आब्जर्वर वीके तिवारी और रेफरी सुशांत बोरवांकर एवं एसबी पेंडारकर हैं। कार्यक्रम का संचालन प्रकाशन अधिकारी गोविन्द पटेल ने एवं आभार प्रदर्शन क्षेत्रीय क्रीड़ा सचिव श्री विनय चंद्राकर ने किया। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य अभियंता प्रशांत बापट, आरके बंछोर, आरएन वर्मा, प्रवीण साहू और योगेश प्रधान सहित अधिकारी-कर्मचारी एवं खिलाड़ी उपस्थित थे।

### राज्य स्तरीय पावर लिफ्टिंग चिरमिरी में, रायपुर से भी जाएंगे खिलाड़ी



**रायपुर।** वर्ल्ड पावर लिफ्टिंग इंडिया एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के तत्वाधान में रायपुर जिले से 32 पावर लिफ्टर भाग लेने चिरमिरी जायेंगे। एसोसिएशन के अध्यक्ष मानिक ताम्रकार ने बताया कि द्वितीय राज्य स्तरीय पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन जिला एमसीबी के चिरमरी में आयोजित किया गया है। इस प्रतियोगिता में रायपुर जिले के चयनित पावर लिफ्टर महिला वर्ग में सीमा सारथी, विकलांग खमेश्वरी बाघ, दिशा पटेल, पल्लवी तांडी, मंजू पटेल, मुस्कान देवांगन, राजविंदर कौर, मधु यादव, पुरुष वर्ग में लेखराज साहू, राम द्विवेदी, सार्थक बैग, आलोक शर्मा, दिव्यांश महाजन, नागेश्वर साहू, याग्निक तांडी, अर्थ द्विवेदी, अजीत कांसकर, युगल किशोर निर्मलकर, अमान अहमद, गौरव साहू, मुकेश सिंह ठाकुर, देवेंद्र कुमार बंजारे, शुभम साहू, समीर ठाकुर, कमलेश साहू, गुलशन नायक, आशुतोष निहाल, राहुल मिश्रा, आशुतोष तिवारी, अमित नायक, रोहित कुमार चौधरी और वेद प्रकाश साहू आदि शामिल हैं।

अल्जाइमर रोग का जोखिम दुनिया भर में बढ़ता हुआ देखा जा रहा

# समय पर याद ही नहीं आता लोगों का नाम और भूलने लगते हैं बहुत कुछ? कहीं आप एनोमिया के शिकार तो नहीं

दुनियाभर में अल्जाइमर रोग का जोखिम बढ़ता हुआ देखा जा रहा है। साल 2020 के आंकड़ों के मुताबिक 55 मिलियन (5.5 करोड़) से अधिक लोग अल्जाइमर और इसके कारण होने वाली डिमेंशिया रोग के शिकार थे। यह संख्या हर दो दशकों में लगभग दोगुनी होने की आशंका जताई गई है। चीजों को भूल जाने, याददाश्त में कमी, तर्क करने की क्षमता में दिक्कत वाली ये बीमारी उम्र बढ़ने के साथ बहुत आम है। भूलने की समस्या, समय पर चीजों या किसी के नाम को याद न कर पाना सामान्य है। पर अगर आपको अक्सर ये दिक्कत होती रहती है, इसके कारण आपकी दैनिक गतिविधियों पर असर हो रहा है तो इसपर ध्यान दिया जाना जरूरी हो जाता है। कहीं ये किसी न्यूरो-साइकेट्रिक समस्या के कारण तो नहीं है? लिखते-बोलते समय चीजों या लोगों का नाम न याद आने को मेडिकल की भाषा में 'एनोमिया' की दिक्कत कहा जाता है। इस विकार से पीड़ित लोगों को अक्सर ऐसा लगता है कि उनके जीभ पर ही शब्द है पर उसे व्यक्त नहीं कर पा रहे हैं। कहीं आपको या किसी जानने वाले को इस तरह की दिक्कत तो नहीं?





### बोलने के लिए समय पर सही शब्द न मिल पाना

अक्सर आपने एक मशहूर भारतीय क्रिकेटर को कई इंटरव्यू के दौरान चीजों या खिलाड़ियों का नाम भूलते हुए देखा होगा। उदाहरण के लिए जैसे उन्हें बताना हो कि किसी खिलाड़ी को फील्डिंग के लिए फाइन लेग पर भेजा और उसने बेहतरनी कैच पकड़ लिया। इसे वह ऐसे बोलते दिखते हैं- मैंने उसे वहां भेजा और उसने बढ़िया कैच पड़ लिया। हमारे आसपास भी ऐसे लोग हो सकते हैं, जिन्हें आप चीजों का नाम भूलते नोटिस तो करते हैं पर जानकारी के अभाव में इसे कभी समस्या नहीं मानते। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, इसपर गंभीरता से ध्यान दिए जाने की जरूरत है। कुछ स्थितियों में ये अल्जाइमर रोग का लक्षण भी हो सकता है।



### एनोमिया की समस्या क्या है?

एनोमिया या एनोमिक अफेसिया को भाषा विकार के रूप में जाना जाता है। इसमें आपके दिमाग में चीजें तो होती हैं पर बोलने के धाराप्रवाह में उसके लिए सही शब्द नहीं मिल पाते हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि स्ट्रोक, सिर में दर्दनाक चोट या ट्यूमर के कारण होने वाली ब्रेन डैमेज की समस्या इसका कारण बन सकती है।

विशेषज्ञ बताते हैं, एनोमिया की समस्या को मुख्यरूप से मस्तिष्क के बाएं हिस्से में होने वाली क्षति का परिणाम माना जाता है। दाएं हाथ वाले लोगों के लिए मस्तिष्क का बायां हिस्सा भाषा को नियंत्रित करने और इसके चयन में मदद करता है। हालांकि एनोमिया के लिए हर बार जरूरी नहीं है कि मस्तिष्क में चोट लगी ही हो।

### अल्जाइमर रोग से इसका संबंध

वरिष्ठ मनोचिकित्सक डॉ सत्यकांत त्रिवेदी बताते हैं, इस तरह की समस्याओं पर ध्यान देना इसलिए जरूरी है क्योंकि अल्जाइमर रोग और डिमेंशिया जैसी न्यूरोडीजेनेरेटिव बीमारियों के शुरुआती चरणों में भी एनोमिया के लक्षण हो सकते हैं। इसके अलावा लंबे समय से तनाव के शिकार लोगों में स्ट्रोक होने का जोखिम बढ़ जाता है जो एनोमिक अपेसिया का कारण बन सकती है।

समय पर इन समस्याओं का निदान और उपचार प्राप्त करके कई तरह के न्यूरोसाइकेट्रिक विकारों के खतरे कम को करने में मदद मिल सकती है।

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

डॉ सत्यकांत कहते हैं, अगर आपको लगता है कि आप या आपके किसी परिचित में एनोमिया के लक्षण हैं तो उन्हें उचित निदान और इलाज लेने की सलाह दें। स्पीच और विजुअल एक्शन थेरेपी आदि की मदद से इस तरह की समस्याओं में आराम पाया जा सकता है। निदान के दौरान ये भी जाना जा सकता है कि कहीं मस्तिष्क में कोई क्षति तो नहीं है? न्यूरोसाइकेट्रिक विकारों के बढ़ते मामले गंभीर और दीर्घकालिक समस्याओं का कारण बन सकते हैं इसलिए समय रहते इनका पता करना और इलाज लेना जरूरी है।



# दिल और दिमाग की सेहत के लिए फायदेमंद है पोषक तत्व

शरीर को स्वस्थ और फिट बनाए रखने के लिए स्वास्थ्य विशेषज्ञ नियमित रूप से स्वस्थ और पौष्टिक आहार लेने की सलाह देते हैं। आहार की पौष्टिकता का ध्यान रखकर शरीर के लिए जरूरी आवश्यक पोषक तत्वों की आसानी से पूर्ति की जा सकती है। कई अध्ययनों में शोधकर्ताओं ने कहा, जिस प्रकार से समय के साथ कई प्रकार की गंभीर बीमारियों का जोखिम बढ़ता जा रहा है, ऐसे में जरूरी है हम अपने आहार का विशेष ध्यान रखें। ओमेग-3 फैटी एसिड जैसे तत्वों से भरपूर आहार का सेवन शरीर के लिए कई प्रकार से लाभकारी हो सकता है, क्रोनिक बीमारियों से सुरक्षा देने में इसके स्वास्थ्य लाभ देखे गए हैं।

शोधकर्ता कहते हैं, ओमेग-3 फैटी एसिड, हेल्दी फैट्स का एक प्रकार है इसके सेवन को हृदय रोगों से बचाव के लिए काफी लाभकारी पाया गया है। पर क्या ओमेगा-3 सभी के लिए जरूरी है और इसे कैसे प्राप्त किया जा सकता है? आइए इस बारे में जानते हैं।

### ओमगा-3 क्यों जरूरी है?

ओमेगा-3 फैटी एसिड को कई प्रकार के स्वास्थ्य लाभ के लिए जाना जाता है। विशेष रूप से, मस्तिष्क और हृदय



स्वास्थ्य को बढ़ावा देने, शरीर में इंफ्लामेशन को कम करने और कई प्रकार की क्रोनिक बीमारियों से बचाने में इस पोषक तत्व के लाभ देखे गए हैं। मानसिक स्वास्थ्य की कई समस्याओं को कम करने और इसके रोगियों को स्वास्थ्य लाभ देने में भी इस पोषक तत्व के फायदे हो सकते हैं। यही कारण है कि इसे आहार में शामिल करने को फायदेमंद माना जाता रहा है।

### ब्रेन हेल्थ के लिए इसके लाभ

ओमगा-3 को शोधकर्ताओं ने अध्ययन में मस्तिष्क स्वास्थ्य के लिए काफी लाभकारी पाया है। शोधकर्ताओं की टीम ने पाया कि ओमेगा-3 शिशुओं में मस्तिष्क की वृद्धि और विकास को बढ़ावा देने में काफी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इतना ही नहीं, डिप्रेशन और एंग्जाइटी के शिकार लोगों की समस्या में राहत के लिए भी इस पोषक तत्व को लाभकारी पाया गया है। अवसाद रोगियों में भी ओमगा-3 लाभकारी प्रभावों वाला हो सकता है।

### हार्ट के रोगियों के लिए फायदेमंद

दिल का दौरा और स्ट्रोक, दुनियाभर में मौत के प्रमुख कारणों में से एक है। कोरोना संक्रमण के बाद इन रोगों का जोखिम बढ़ता जा रहा है, यहां तक कि बेहद कम उम्र के लोग भी हृदय की गंभीर समस्याओं के शिकार पाए जा रहे हैं। शोधकर्ताओं ने देखा था कि मछली खाने वाले लोगों में इन बीमारियों की दर बहुत कम थी, अध्ययन में पाया गया कि चूंकि मछली में ओमेगा-3 की भरपूर मात्रा होती है जो हृदय की सेहत के लिए कई प्रकार से लाभकारी है, ऐसे में हृदय रोगियों के लिए इसका सेवन फायदेमंद हो सकता है।



# अंतर महाविद्यालयीन फुटबॉल में विप्र कॉलेज 3-2 से विजयी



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग के तत्वाधान में आयोजित अंतर महाविद्यालय फुटबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन गुरुवार को दो सेमीफाइनल और एक फाइनल मैच खेला गया। पहला सेमीफाइनल मैच विप्र महाविद्यालय रायपुर विरुद्ध शासकीय छत्तीसगढ़ महाविद्यालय रायपुर के मध्य खेला गया। दोनों ही टीमे अंत तक 1-1 की बराबरी पर रही। मैच का फैसला टाई ब्रेकर के माध्यम से किया गया। विप्र महाविद्यालय की ओर से प्रवेश, यशवंत, चंद्र प्रकाश,रोहित ने गोल किया और नीलाभ ने बॉल बाहर मारा। छत्तीसगढ़ महाविद्यालय की ओर से अमीर,निशांत और देवेश ने गोल किया। एल्विन और साहिल ने बॉल बाहर मार दिया। इस प्रकार विप्र महाविद्यालय की टीम 5-4 से विजयी रही1 दूसरा सेमीफाइनल मैच यूटीडी रायपुर और नेताजी सुभाष महाविद्यालय अभनपुर के बीच में खेला गया मैच के 18 मिनट में ही नेताजी सुभाष के अंकुश टोप्पो ने शानदार गोल किया और अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। मध्यांतर तक यह बढ़त बरकरार थी। मैच के 36 मिनट में यूटीडी के अविनाश ने शानदार गोल कर अपनी टीम को बराबरी दिला दी। शानदार मुकाबले में अंत तक दोनों ही टीमें बराबरी पर रही। दूसरे सेमीफाइनल मैच का परिणाम भी टाइम ब्रेकर के माध्यम से किया गया। टाइ-ब्रेकर में यूटीडी की तरफ से अविनाश, सतीश, पिलेट्स और युवराज ने गोल किया। जबकि विनोद का शॉट गोलकीपर ने शानदार तरीके से बचा लिया। नेताजी कॉलेज की तरफ से अमित,मनजीत और पारुल तपन ने गोल किया। डेविड मिंज और लेविस ने बॉल बाहर मार दिया। इस प्रकार यूटीडी की टीम 5-4 से विजयी हुई। प्रतियोगिता का फाइनल और अंतिम मैच यूटीडी और विप्र महाविद्यालय के बीच खेला गया। जिसमें मैच की शुरुआत में ही शानदार खेल दिखाते हुए यूटीडी के युवराज ने 10 मिनट में गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। हालांकि यूटीडी की यह बढ़त ज्यादा देर तक बरकरार नहीं रह सकी और विप्र महाविद्यालय के नील भूषण ने 17 वे मिनट में शानदार गोल कर स्कोर बराबर कर दिया। नील भूषण ने ही 21 मिनट में एक गोल और कर अपनी टीम को 2-1 की बढ़त दिला दी। महाविद्यालय के निरंजन ने शानदार गोल कर बढ़त को 3-1 कर दिया मैच के 54 में मिनट में यूटीडी के अविनाश ने शानदार गोल कर इसको 3-2 कर दिया।

# फार्महाउस से जुड़े वास्तु टिप्स आप भी करें फॉलो

आजकल अधिकतर लोग वीकेंड में रिलैक्सिंग फील करने के लिए फार्महाउस में समय बिताना पसंद करते हैं। ऐसे कई लोग हैं, जो अपने शहर से थोड़ा दूर फार्महाउस तैयार करवाते हैं, ताकि वे वहां पर अपनी फैमिली या दोस्तों के साथ अच्छा वक्त बिता सकें। कहीं पर भी अच्छा वक्त बिताने के लिए जरूरी होता है कि आप वहां पर अच्छा फील करें। इसलिए, उस जगह की पॉजिटिविटी का ध्यान रखना भी उतना ही जरूरी होता है। अक्सर हम इस ओर ध्यान ना दें, लेकिन जब फार्महाउस बनवाते समय वास्तु के नियमों का ध्यान नहीं रखा जाता है तो इससे वहां की नेगेटिविटी आपको परेशान कर सकती है। तो चलिए आज इस लेख में वास्तुशास्त्री डॉ. आनंद भारद्वाज आपको कुछ ऐसे वास्तु टिप्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आपको फार्महाउस बनवाते समय ध्यान रखना चाहिए-



### मुख्य द्वार की दिशा

जब आप फार्महाउस बनवा रहे हैं तो आपको उसके मुख्य द्वार की दिशा पर खासतौर पर ध्यान देना चाहिए। हमेशा कोशिश करें कि आपके फार्महाउस के मुख्य द्वार की दिशा दक्षिण-पश्चिम नहीं होनी चाहिए। अगर इस दिशा में मुख्य द्वार बनता है तो फार्महाउस में आने व ठहरने वाले लोगों को बिल्कुल भी अच्छा नहीं लगता है।

### बेडरूम की दिशा

फार्महाउस में हम बेडरूम जरूर बनवाते हैं ताकि वहां पर आसानी से रिलैक्स कर सकें। हमेशा कोशिश करें कि आप फार्महाउस के दक्षिण-पश्चिम दिशा में ही अपना बेडरूम बनाएं। लेकिन इस बात का खासतौर पर ध्यान रखें कि दक्षिण-पश्चिम दिशा के कोने में कोई खिड़की ना बनवाएं।

कार्नर न्यूज

खानपान नियंत्रित रखें तो ब्लड प्रेशर सहित कई समस्याओं में मिलेगा लाभ

# हड्डियों को रखना है मजबूत तो ध्यान दें खानपान पर, जल्द दिखने लगेगा असर

शरीर को स्वस्थ और फिट बनाए रखने के लिए जरूरी है कि आप रोजाना स्वस्थ और पौष्टिक चीजों का सेवन करते रहें। आहार में कई प्रकार के मौसमी फलों-सब्जियों को शामिल करना शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाने और बीमारियों से बचाने में लाभकारी है। पर स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, हमें रोज क्या खाना चाहिए इससे जरूरी ये जानना है कि किन चीजों से परहेज किया जाना मौजूदा समय में सबसे जरूरी है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, अगर आप शरीर को स्वस्थ रखना चाहते हैं तो चीनी और नमक दोनों का सेवन कम कर लें। नमक के अधिक सेवन को संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए कई प्रकार से हानिकारक माना जाता है। इससे सबसे ज्यादा जोखिम ब्लड प्रेशर बढ़ने का होता है।



### नमक के कारण शरीर में कम हो जाता है कैल्शियम

हड्डियों को स्वस्थ और मजबूत बनाए रखने के लिए जिन पोषक तत्वों को सबसे आवश्यक माना जाता है, कैल्शियम उनमें से एक है। अध्ययनों में पाया गया है कि यदि आप बहुत अधिक मात्रा में नमक वाली चीजों का सेवन करते हैं तो यह शरीर में कैल्शियम की कमी का कारण बन सकती है। जितना अधिक नमक आप खाते हैं, उतना अधिक कैल्शियम आपके शरीर से निकल जाता है, जिसका अर्थ है कि यह आपकी हड्डियों के लिए भी बहुत हानिकारक है। एक दिन में 2,300 मिलीग्राम से कम सोडियम लेने का लक्ष्य रखें।

### ज्यादा नमक हार्ट के लिए भी ठीक नहीं

रक्तप्रवाह में सोडियम का बढ़ा हुआ स्तर किडनी से पानी निकालने की क्षमता को कम कर देता है, जिससे शरीर की रक्त वाहिकाओं पर तनाव पड़ता है। उच्च रक्तचाप अंततः स्ट्रोक और हार्ट फेलियर जैसी समस्याओं का कारण बन सकता है। चूंकि किडनी अतिरिक्त नमक को बाहर निकालने के लिए लगातार काम करती है, इसलिए यह स्थिति किडनी की भी बीमारियों का कारण बन सकती है।



### सोडियम की अधिकता से होने वाली इन समस्याओं को भी जानिए

सोडियम/नमक का अत्यधिक सेवन हमारे शरीर के लिए कई प्रकार से नुकसानदायक हो सकता है। इसका मांसपेशियों-हड्डियों से लेकर कई अन्य अंगों पर भी गंभीर दुष्प्रभाव हो सकता है। मुख्य रूप से हृदय की मांसपेशी की समस्या, सिरदर्द- किडनी के रोग, ऑस्टियोपोरोसिस, दिल की धड़कनों की समस्या, उच्च रक्तचाप, किडनी की पथरी और पेट के कैंसर का जोखिम रहता है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## गोल्ड जीतने वाली मुक्केबाज पर्दे पर दिखाएंगी जलवा, हॉलीवुड में रखेंगी कदम



दो बार की ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता मुक्केबाज निकोला एडम्स आगामी एक्शन-थ्रिलर द गन ऑन सेकंड स्ट्रीट से हॉलीवुड फिल्मों में पदार्पण करने जा रही हैं। इस फिल्म में पोपी डेलेविंगने, टॉम अर्नोल्ड और रूमर विलिस भी नजर आएंगे। फिल्म की कहानी पिट्सबर्ग के दो पुलिस की है, जिनकी जिंदगी एक दुखद घटना के कारण बदल जाती है। कहानी का केंद्र अधिकारी टीजे मीडोज III है, जो घरेलू हिंसा के दौरान गलती से अपने पार्टनर को गोली मारकर उसकी हत्या कर देता है। यह फिल्म अभी प्री-प्रोडक्शन में है और इसे अमेरिका में बंदूक से होने वाली वारदातों का रूपक बताया जा रहा है। फिल्म के निर्देशन की कमान रोहित कर्ण बत्रा के हाथों में है। वहीं, इसके निर्माता रैनसम फिल्म्स के गाइ जे. लौथन और रिकिन शाह कार्यकारी निर्माताओं में से एक हैं। निकोला एडम्स की बात करें तो उन्होंने साल 2019 में मुक्केबाजी से संन्यास ले लिया था और एक अपराजित पेशेवर रिकॉर्ड के बाद से वह अपने अभिनय कौशल को निखार रही हैं। उन्होंने लंदन में आइडेंटिटी स्कूल ऑफ एक्टिंग से पढ़ाई की है, जिसके पूर्व छात्रों में जॉन बॉयेगा, मलाची किर्बी और लेटिटिया राइट शामिल हैं। निकोला एडम्स इससे पहले ब्रिटिश टीवी सीरीज वाटरलू रोड के 2013 के एपिसोड में दिखाई दी थीं। उन्होंने द ग्राहम नॉर्टन शो, सेलिब्रिटी गॉगलबॉक्स और स्ट्रिक्टली कम डांसिंग जैसे शो में विशिष्ट भूमिकाएं निभाई हैं। हालांकि, द गन ऑन सेकंड स्ट्रीट उनकी फीचर फिल्म है। फिलहाल उनके किरदार के बारे में जानकारी को निर्माताओं ने गुप्त रखा गया है। निकोला एडम्स ने कहा, 1मैं इस नई चुनौती को स्वीकार करने और अपनी लड़ाकू भावना को बड़े पर्दे पर लाने के लिए रोमांचित हूं।

### टॉलीवुड

## पवन कल्याण की 'हरि हर वीरा मल्लू' के सेट पर वापसी, प्रशंसकों में उत्साह का माहौल



दक्षिण भारतीय अभिनेता और राजनेता पवन कल्याण आंध्र प्रदेश का चुनाव जीतने के बाद सेट पर वापसी कर चुके हैं। अभिनेता ने अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। पवन कल्याण की फिल्म 'हरि हर वीरा मल्लू पार्ट 1' की टीम ने सोमवार को इससे जुड़ी अपडेट साझा की। इस अपडेट ने अभिनेता के प्रशंसकों को रोमांचित कर दिया है।

फिल्म 'हरि हर वीरा मल्लू' के आधिकारिक एक्स अकाउंट पर फिल्म से पवन कल्याण का एक नया पोस्टर साझा किया और घोषणा की कि यह 28 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। पोस्ट में लिखा, कभी ना रुकने वाली शक्ति, अटूट भावना 28 मार्च, 2025 को आपके नजदीकी सिनेमाघरों में धूम मचाने वाली है! पवन कल्याण गरु शूटिंग में शामिल हुए! हरि हर वीरा मल्लू की शूटिंग आज सुबह 7 बजे विजयवाड़ा में बनाए गए सेट पर फिर से शुरू हुई।'

रिपोर्ट्स के मुताबिक टीम ने प्रोडक्शन डिजाइनर थोथा थारानी द्वारा विजयवाड़ा में विशेष रूप से बनाए गए सेट पर एक एक्शन सीक्वेंस के साथ फिल्म की शूटिंग शुरू की। हॉलीवुड स्टंट निर्देशक निक पॉवेल भी पवन और 400 स्टंटमैन के एक बड़े दल के साथ काम कर रहे हैं। अभिनेता नासिर, रघु बाबू, अयप्पा पी शर्मा, सुनील, नर्रा श्रीनु और निहार भी शूटिंग का हिस्सा बताए जा रहे हैं।

कहा जा रहा है कि पवन कल्याण के ब्रेक लेने से पहले तक कृष जगरलामुदी ने इस फिल्म का निर्देशन किया था, लेकिन अब ज्योति कृष्णा ने इसके निर्देशन का काम संभाल लिया है।

### भोजपुरी

## 'रोजा' में नए लुक में नजर आईं आम्रपाली, फैंस ने दी बधाई



भोजपुरी अदाकारा आम्रपाली दुबे की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। इन तस्वीरों में वे दुल्हन के लिबास में नजर आ रही हैं। अभिनेत्री का गेटअप ऐसा है कि वे मुस्लिम दुल्हन वाले मेकअप में नजर आ रही हैं। इसके अलावा आम्रपाली ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से कुछ तस्वीरें साझा की हैं, जिनमें वे बुर्का पहने दिख रही हैं। इसके बाद यूजर्स हकीकत जानना चाह रहे हैं।

आम्रपाली दुबे की जो तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं, वह दरअसल, अभिनेत्री की आगामी फिल्म की हैं। आम्रपाली दुबे की अगली फिल्म का नाम है 'रोजा'। इन दिनों वे इसी फिल्म की तैयारियों में जुटी हैं। शूटिंग के साथ-साथ वह इसका प्रमोशन भी कर रही हैं। आम्रपाली ने आज तस्वीरें शेयर कर लिखा है, 'मूवीः रोजा'। आम्रपाली का यह लुक उनकी आगामी फिल्म के लिए है, उनके फैंस भी अपनी प्रतिक्रिया दे रहे है। एक यूजर ने लिखा, 'सच बताऊं तो आप इस रूप में बिल्कुल अलग अंदाज में नजर आ रही हैं।' एक यूजर ने लिखा, 'क्या नूर है'। एक अन्य यूजर ने लिखा, 'आप तो ऐसे भी बहुत अच्छी लगती हो'। आम्रपाली दुबे की फिल्म 'रोजा' उनके अलावा अयाज खान और ज्योति मिश्रा भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन इश्तियाक शेख बंटी कर रहें हैं, वहीं अमित सिंह चौहान फिल्म को प्रोड्यूस कर रहे हैं।

## सीन ओ'प्री का जलवा




अगर आप फैशन में थोड़ी सी भी दिलचस्पी रखते हैं, तो आप मशहूर मॉडल सीन ओ'प्री के खूबसूरत चेहरे को पहचान सकते हैं। वास्तव में, इस शख्स ने अपने पूरे करियर का आनंद उस तरह से लिया है, जिसकी आकांक्षा लगभग सभी पुरुष मॉडल करते हैं। यहां सफलता ही सबसे महत्वपूर्ण शब्द है, क्योंकि ओ'प्री को अक्सर दुनिया के सबसे ज़्यादा भुगतान पाने वाले पुरुष मॉडलों में से एक के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। उनके इंस्टाग्राम पर अभी 6 लाख से ज़्यादा फ़ॉलोअर हैं।

## चाहिए नेचुरल लुक तो फाउंडेशन लगाते वक्त रखें इन बातों का ध्यान

जब कोई महिला मेकअप करने बैठती है तो उसके लिए सही तरह का फाउंडेशन का इस्तेमाल करना और सही से इस्तेमाल करना बेहद जरूरी होता है। अगर आपका फाउंडेशन सही नहीं लगा है तो आपका बाकी का पूरा मेकअप खराब हो सकता है। खासकर दिक्कत उन महिलाओं के सामने आती है जो हमेशा नेचुरल मेकअप पर भरोसा करती हैं।

अगर आप फाउंडेशन का इस्तेमाल करने का सोच रही हैं, तो सबसे पहले सही फाउंडेशन का होना बेहद जरूरी है। अगर ये आपकी स्किन टोन और टाइप के हिसाब का नहीं होगा तो हो सकता है कि इसके इस्तेमाल से आपकी त्वचा एक शेड डार्क या फिर एकदम सफेद दिखने लगे।



अगर आप फाउंडेशन का इस्तेमाल सही तरीके से करेंगी तो आपका लुक एकदम नेचुरल आएगा। क्या आप जानती हैं कि फाउंडेशन को लगाने से पहले सही से ब्लेंड करना चाहिए। ये जितना अच्छे से ब्लेंड होगा, उतना ही इसका लुक निखर कर आएगा।

अगर आपके चेहरे पर पिंपल्स या अन्य दाग-धब्बे हैं तो कंसीलर का इस्तेमाल स्वाभाविक है। ऐसे में इसका इस्तेमाल फाउंडेशन के बाद ही करें वरना कंसीलर की वजह से फाउंडेशन का शेड खराब हो सकता है।

अगर आप लिक्विड फाउंडेशन का इस्तेमाल कर रहीं हैं तो आपको इसे स्किन पर फैलाने के लिए ब्रश की मदद लेनी चाहिए, पर ध्यान रखें कि फाउंडेशन को ब्लेंड हमेशा ब्यूटी ब्लेंडर के साथ ही करना चाहिए।

फाउंडेशन का इस्तेमाल करने से पहले चेहरे को सही से मॉश्चराइज जरूर करें। इससे ये सही से स्किन पर सेट होगा। इसके साथ ही कभी भी बिना प्राइमर के फाउंडेशन का इस्तेमाल ना करें। ब्यूटी ब्लेंडर से फाउंडेशन सेट करते वक्त हाथों को ज्यादा टाइट ना रखें।

## डीप नेक ब्लाउज में दिखेंगी स्टनिंग अगर आप इन टिप्स को करेंगी फॉलो




जब हम साड़ी या लहंगा पहनते हैं तो उसमें स्टाइलिश दिखने के लिए ब्लाउज को कई अलग-अलग तरीकों से स्टाइल करवाते हैं। इनमें डीप नेक ब्लाउज यकीनन काफी स्टाइलिश लगते हैं। डीप नेक ब्लाउज आपको एक स्टेटमेंट लुक देते हैं। हालांकि, इन्हें सही तरह से स्टाइल करना बेहद जरूरी होता है, ताकि आप एलीगेंस के साथ इसे कैरी कर सकें।

अगर डीप नेक ब्लाउज को सही तरह से स्टाइल ना किया जाए तो इससे आपका पूरा लुक बिगड़ सकता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे छोटे-छोटे टिप्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आपको डीप नेक ब्लाउज को पहनते समय ध्यान में रखना चाहिए-



### ब्लाउज के साथ ब्रा पर दें ध्यान

जब आप डीप नेक ब्लाउज को स्टाइल कर रही हैं तो आपको उसके साथ-साथ ब्रा पर भी ध्यान देना चाहिए। अगर आपकी ब्रा सही नहीं होगी तो यह ब्लाउज में विजिबल होगी। ऐसे में आपका पूरा लुक ही बिगड़ जाएगा। कोशिश करें कि आप ऐसी ब्रा चुनें, जो आपके ब्लााउज की नेकलाइन को कॉम्पलीमेंट करती हो। आप चिपकने वाली या सिलिकॉन ब्रा पहन सकती हैं।

### स्टाइलिश हो एक्सेसरीज

जब आप डीप नेक ब्लाउज कैरी करती हैं तो उसके साथ सही एक्सेसरीज पहनकर आप एक स्टेटमेंट लुक कैरी कर सकती हैं। मसलन, डीप नेक ब्लाउज के साथ चंकी नेकलेस या चोकर स्टाइल किया जा सकता है।

### फिटिंग को करें चेक

डीप नेक ब्लाउज में आपका लुक तभी अच्छा लगता है, जब उसकी फिटिंग अच्छी हो। सही ढंग से सिलवाया गया ब्लाउज न केवल दिखने में अच्छा लगेगा, बल्कि इससे आपको सही कवरेज भी मिलेगा।

### रहें कॉन्फिडेंट

डीप नेक ब्लाउज देखने में काफी स्टनिंग लगता है। लेकिन इसमें आपका लुक तभी स्टाइलिश लगता है।

## बिना काटे दोमुंहे बालों से इस तरह पाएं छुटकारा, जानिए टिप्स



अगर आप दोमुंहे बालों की समस्या से परेशान हैं, तो इससे छुटकारा पाने के लिए घरेलु नुस्खे आजमा सकती हैं। स्प्लिट एंड्स यानि दोमुंह बाल तब होते हैं जब बाल बहुत रुखे हो जाते हैं, जिसकी वजह से छल्ली, जो बालों की सबसे ऊपरी सुरक्षात्मक परत होती है, बालों के सिरों से अलग हो जाती है और फिर सिरे दो भागों में बंट जाते हैं। बालों के सिरों को समय-समय पर ट्रिम करना दोमुंहे बालों को रोकने का एक आसान तरीका है। लेकिन आप कई घरेलू उपचार या फिर टिप्स की सहायता से इस समस्या से छुटकारा पा सकती हैं। दोमुंहे बालों को कम करने आप गर्म तेल की मदद ले सकती हैं। बस आप हफ्ते में दो बार शुद्ध नारियल तेल को गर्म करके अपने बालों में लगाएं। साथ ही, दोमुंहे बालों के सिरों पर भी लगाएं। फिर एक तौलिये को गर्म पानी में डुबोएं और पानी को निचोड़ें। फिर गर्म तौलिया को सिर पर पगड़ी की तरह लपेट दें। इसे 5 मिनट तक लगाकर ऐसे ही रहने दें। आप अपने सिर पर गर्म तौलिया को लपेटने की प्रक्रिया को कम से कम 3 से 4 बार दोहराएं। यह बालों और स्कैल्प के तेल को बेहतर तरीके से अवशोषित करने में मदद करता है, जिससे दोमुंहे बाल खुद ही ठीक हो जाते हैं।

## घर पर फुट स्पा करते हुए इन टिप्स को करें

पूरा दिन काम करने के बाद जब हम थक जाते हैं तो खुद को रिलैक्स करने के लिए कई तरीके अपनाते हैं। इन्हीं में से एक है फुट स्पा। अक्सर छुट्टी के दिन खुद को पैम्पर करने के लिए या फिर अपनी थकान दूर करने के लिए हम घर पर ही फुट स्पा करते हैं। यह यकीनन खुद को आराम पहुंचाने का एक अच्छा तरीका है।

लेकिन जब आप घर पर फुट स्पा कर रहे हैं तो आपको कुछ छोटी-छोटी बातों का खास ख्याल रखना चाहिए। घर पर फुट स्पा करते हुए आपको हेल्प करने वाला कोई नहीं होता है, इसलिए आपको सारी तैयारी खुद ही करनी होती है। तो चलिए आज इस लेख में हम कुछ ऐसे छोटे-छोटे टिप्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आपको फुट स्पा करते हुए ध्यान में रखना चाहिए-

### अपने सामान को करें इकट्ठा

अगर आप घर पर फुट स्पा कर रही हैं तो ऐसे में आपको सबसे पहले सारा सामान इकट्ठा करना चाहिए। दरअसल, जब आप फुट स्पा करती हैं तो ऐसे में बीच में आपको सामान देने के लिए कोई नहीं होगा। इसलिए, आप फुट स्पा के दौरान काम में आने वाली चीजें जैसे टब, एप्सम सॉल्ट, गर्म पानी, तौलिए, फुट स्क्रब, मॉइश्चराइजिंग लोशन, नेल क्लिपर, फाइल आदि को एक जगह रखें। इससे आपके लिए फुट स्पा



करना अधिक रिलैक्सिंग होगा।

### पैरों को करें प्रिपेयर

सुनने में आपको शायद अजीब लगे, लेकिन फुट स्पा करने से पहले अपने पैरों को प्रिपेयर करना भी उतना ही जरूरी होता है। इसके लिए आपको बस इतना करना है कि आप पहले अपने नेल्स को काटकर शेप दें। साथ ही, अगर नेल्स पर नेल पॉलिश लगी है तो उसे रिमूव कर दें और पैरों को अच्छी तरह धो लें। इस तरह जब आप पहले पैरों को प्रिपेयर करते हैं तो फुट स्पा के दौरान आपको अधिक आसानी होगी।

### कार्नर न्यूज

## ये टिप्स मदद करेंगे आपको अच्छे से ग्रूम होने और बने रहने में

# चाहिए 'ग्रूम्ड मेन' का टाइटल तो इन बातों को कर लीजिए लाइफस्टाइल में शामिल

*'ग्रूम्ड मेन' कौन नहीं कहलाना चाहेगा? आप भी ऐसा चाहते ही होंगे। पर इसके लिए आपने किया क्या है? अच्छे से तैयार हो जाते हैं? बस...अगर हां तो कुछ बातें ऐसी हैं जिनके बिना आप 'ग्रूम्ड मेन' वाले रास्ते पर बिल्कुल नहीं चल रहे हैं। ऐसा करने के लिए आपको कुछ खास बातें अपनी लाइफस्टाइल में शामिल करनी होंगी। ये टिप्स आपको अच्छे से ग्रूम होने और बने रहने में मदद करेंगी वो भी पूरी लाइफ-*



### टाइम पर हेयर कट

ज्यादातर पुरुष जब समय मिलता है या फिर जब बालों से दिक्कत होने लगे तब ही बाल कटाने जाते हैं। लेकिन बालों के बढ़ते ही फिर वही रूटीन कि 'ज्यादा बढ़ेंगे तब कटा लेंगे।' ये आदत गलत है। हर पुरुष के ग्रूम्ड लुक के लिए सही समय पर हेयर कट जरूरी है। और ये नियम फिक्स होना चाहिए। आपको फिक्स अपॉइंटमेंट पर हर कुछ दिन में हेयर कट करा ही लेना चाहिए।

### आपकी वाली खुशबू

आप पूरी तरह से तैयार हैं और आपसे एक खास तरह की खुशबू भी आ रही है तो आप ग्रूम्ड मेन वाले खांचे में आसानी से फिट बैठ पाएंगे। इसके लिए आपको अपनी एक खास खुशबू चुननी होगी। आप एक या दो क्लासिक खुशबू चुन सकते हैं। आमतौर पर वुडी, स्पाइसी और हर्बी ब्लेंड जाड़े में अच्छे से काम करता है।

### दांतों का रखिए ध्यान

जैसे आपकी आंखें, आपके दिल का हाल कह देती हैं, ठीक वैसे ही आपके दांत भी आपके कैरेक्टर को बयां कर देते हैं। अपनी ग्रूमिंग करने हुए दांत की सफाई में आप कितना समय देते हैं? ज्यादातर लोग कहेंगे कि रूटीन वाली सफाई करते ही हैं। लेकिन दांत अच्छे से साफ करने के लिए आपको इनका ज्यादा ध्यान रखना होगा। रिसर्च कहती हैं इलेक्ट्रिक ब्रश 11 प्रतिशत ज्यादा सफाई करते हैं। आप इनका इस्तेमाल करें और माउथ वॉश भी जरूर करें।

### स्क्रब भी करें इस्तेमाल

स्क्रब एक ऐसा प्रोडक्ट है जो अभी भी ज्यादातर लोगों की ग्रूमिंग में शामिल नहीं हुआ है। जबकि स्क्रब का नियम से इस्तेमाल स्किन को हमेशा जवां रखता है। स्क्रब वो लें जिसमें नेचुरल इंग्रिडिएंट्स हों जैसे ओट्स, एप्रिकॉट। इसको इस्तेमाल करने से स्किन की गंदगी निकल जाती है और ये फ्रेश एकदम हो जाती है।

### डार्क सर्कल का करें उपाय

अगर समय की आपाधापी और नींद की कमी से आपकी आंखों के आसपास डार्क सर्कल हो गए हैं तो इनका इलाज भी आपको कर लेना चाहिए। क्योंकि आप पूरी तरह से ग्रूम होंगे तो भी ये डार्क सर्कल आपको पर्फेक्ट लुक नहीं मिलने देंगे। आप आई क्रीम लगाइए या आप कोई घरेलू इलाज कीजिए लेकिन डार्क सर्कल को जरूर खत्म कीजिए।

